कानपुर से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकजन संदेश

विश्वास तोड़ते नहीं, सच छोड़ते नहीं

वर्षः9, अंकः 348
पृष्ठ : 8
कानपुर महानगर, शनिवार
04 मई, 2024
मूल्य रु. 2.00




## अडाणी ग्रुप की 6 कंपनियों को एसईबीआई का नोटिस



**मुंबई।** 24 जनवरी 2023 को अमेरिका की शॉर्ट-सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन जैसे आरोप लगाए गए थे। अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज समेत ग्रुप की 6 कंपनियों को मार्केट रेगुलेटर एसईबीआई ने कारण बताओ नोटिस भेजा है। इन कंपनियों पर ट्रांजैक्शन और लिस्टिंग रेगुलेशन के नियमों के कथित उल्लंघन के आरोप हैं। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अडाणी एनर्जी, अडाणी पावर, अडाणी विल्मर और अडाणी टोटल गैस ने अपनी-अपनी एक्सचेंज फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी है। अडाणी एंटरप्राइजेज ने बताया कि 31 मार्च को समाप्त तिमाही के दौरान उसे दो कारण बताओ नोटिस मिले हैं। ये नोटिस हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच के बाद सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने जारी किए हैं। 24 जनवरी 2023 को हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन जैसे आरोप लगाए थे। केस की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 6 सदस्यीय कमेटी बनाई थी।

## घोटाले में नौकरी खोने वाले शिक्षकों की मदद के लिए

# अलग कानूनी सेल बनाएगी भाजपा

### पीएम मोदी का एलान



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के बर्धमान-दुर्गापुर में एक रैली को संबोधित किया। इस रैली में संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल भाजपा एक अलग कानूनी सेल बनाएगी, जो उन वास्तविक शिक्षकों को कानूनी मदद देगी, जिनकी नौकरी स्कूल सर्विस आयोग के घोटाले में चली गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह चाहते हैं कि टीएमसी द्वारा किए गए घोटाले में जो लोग शामिल हैं, उन्हें सजा मिलनी चाहिए, लेकिन वह ये नहीं चाहते कि किसी निर्दोष को इससे परेशानी हो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल में टीएमसी ने स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती में घोटाला किया, जो बेहद शर्मनाक है। इस घोटाले की वजह से कई योग्य और असल उम्मीदवारों को भी परेशानी उठानी पड़ी। मैंने भाजपा की बंगाल यूनिट से कहा है कि वे पार्टी की तरफ से एक अलग कानूनी सेल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बनाएं, जिससे योग्य शिक्षकों को मदद मिल सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ईमानदार उम्मीदवारों को मदद मुहैया कराएगी और उनकी लड़ाई लड़ेगी। यह मोदी की गारंटी है।

बीते हफ्ते ही कलकत्ता हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में राज्य स्तरीय चुनाव टेस्ट-2016 (स्रुस्ज्ञ) की चयन प्रक्रिया को गलत ठहराते हुए उसे खत्म करने का आदेश दिया था। इसके तहत चयनित हुए 26 हजार लोगों की नौकरी चली गई। हाईकोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया को फिर से शुरू करने का आदेश दिया है। टीएमसी के नेता कुणाल घोष ने खुलासा किया है कि पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले के बारे में पार्टी के कई बड़े नेताओं को पहले से पता था। उन्होंने कहा कि पार्थ चटर्जी के नाम पर पैसा उठाया जा रहा था, इसकी जानकारी पार्टी को थी। एसएससी के जरिए साल 2014 में शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई थी। तब पार्थ चटर्जी शिक्षा मंत्री थे। साल 2016 में इसकी भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई। हालांकि कई आवेदकों ने भर्ती प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाया और हाईकोर्ट में याचिका दायर की। मई 2022 में इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी गई। सीबीआई ने इस घोटाले में तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी को गिरफ्तार किया था।

## पूरे देश में 15 सीट भी नहीं जीत सकती टीएमसी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अभी तो बहस बस इतनी है कि एनडीए 400 पार होगा या नहीं होगा। हमारे विरोधी कहते हैं कि 400 पार नहीं होगा। लेकिन जो लोग मैदान में काम कर रहे हैं, वो कहते हैं कि बिल्कुल 400 पार करेगा। इंडी गठबंधन वालों की लड़ाई बस इस बात के लिए है कि लोकसभा में विपक्ष में जो दल जीतकर आएंगे, उनमें सबसे बड़ा दल कौन बनें। मोदी को ज्यादा एमपी इसलिए चाहिए, ताकि वो हर संसदीय क्षेत्र को आगे बढ़ा सके। आज देश में कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, गांव, गरीब, किसान और महिलाओं से जुड़े कितने काम हो रहे हैं। अगर आपके यहां बीजेपी-एनडीए के सांसद होंगे तो और तेजी से विकास होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये चुनाव देश के चुनाव हैं। ये पूरे देश के लिए सरकार चुनने का अवसर है। टीएमसी तो पूरे देश में 15 सीट भी जीत नहीं सकती। क्या टीएमसी 15 सीट लेकर सरकार बना सकती है? कांग्रेस भी पूरे देश में कितना ही जोर लगा दे इस बार अर्धशतक करना मुश्किल है। 50 सीट पाने के लिए भी वे मुश्किल में हैं। इस चुनाव में साफ है कि अगर कोई सरकार बना सकता है, तो वो सिर्फ और सिर्फ क्ङ्घक्क-हृष्ठ की सरकार ही बनेगी। केंद्र सरकार लोगों को मुफ्त राशन और स्वास्थ्य कवरेज प्रदान कर रही है। हालाँकि, टीएमसी बंगाल में हमारी पहल को लागू नहीं कर रही है, जिससे आपको परेशानी हो रही है। हमारे पूर्व सैनिकों को बंगाल में अन्याय का सामना करना पड़ रहा है। इस चुनौतीपूर्ण समय में भाजपा आपके साथ खड़ी है और आपके जीवन को आसान बनाने के लिए, मेरे तीसरे कार्यकाल में, केंद्र सरकार आपकी हर संभव मदद करेगी। टीएमसी बंगाल के गौरवशाली नाम को खराब कर रही है। टीएमसी को संविधान का पालन करने का निर्देश देने के लिए अदालतों को बार-बार हस्तक्षेप करना पड़ा है। टीएमसी नेताओं को हमेशा पता था कि संदेशकाली में क्या हो रहा है, लेकिन चूंकि अपराधी उनके लिए एक संपत्ति था, इसलिए उन्होंने उसके खिलाफ कभी कोई कार्रवाई नहीं की।

## सिसोदिया की जमानत अर्जी पर 8 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की जमानत अर्जी पर सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी किया है। अब 8 मई को अगली सुनवाई होगी। सिसोदिया ने सीबीआई और ईडी दोनो जांच एजेंसियों की ओर से दर्ज केस में जमानत की मांग की है। ईडी ने उच्च न्यायालय को बताया उनको मनीष सिसोदिया के कस्टडी पैरोल के दौरान बीमार पत्नी से मुलाकात करने पर कोई आपत्ति नहीं है। सिसोदिया के वकील ने कहा था कि सिसोदिया को अपनी पत्नी से मिलने के लिए एक दिन की हिरासत पैरोल दी गई थी, ट्रायल कोर्ट से जमानत अर्जी खारिज होने के बाद वह बंद हो गई है।

## राहुल गांधी ने रायबरेली से दाखिल किया नामांकन, सोनिया-प्रियंका रहीं मौजूद

### हर कीमत पर लोकतंत्र की रक्षा करेंगे, लड़ेंगे और जीतेंगे

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी ने जिलाधिकारी कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। बीजेपी ने रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह को मैदान में उतारा है। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी मौजूद रहे। कांग्रेस ने एक्स पोस्ट में लिखा कि जननायक राहुल गांधी ने ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा चुनाव का नामांकन भरा। ये चुनाव देश में लोकतंत्र की रक्षा का चुनाव है, अन्याय को हराकर न्याय की स्थापना का चुनाव है। हम हर कीमत पर लोकतंत्र की रक्षा करेंगे। लड़ेंगे और जीतेंगे। नामांकन दाखिल करने से पहले राहुल गांधी अपनी मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी वाद्रा और बहनोई रॉबर्ट वाद्रा के साथ अमेठी के फुरसतगंज हवाईअड्डे पर पहुंचे हैं। उनके साथ राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी थे। नामांकन दाखिल करने के लिए बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी रायबरेली में थे। सात चरण के आम चुनाव के पांचवें चरण में दोनों सीटों पर 20 मई को मतदान होगा। राहुल को अमेठी के बदले रायबरेली से चुनाव मैदान में उतारने के पीछे पार्टी का आकलन है कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के लिए रायबरेली, अमेठी से बेहतर और सुरक्षित सीट है।

राहुल गांधी को उम्मीदवार बनाये जाने से सुर्खियों में रहने वाला रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। रायबरेली सीट को च्वीवीआईपीज् सीट भी कहा जाता है, जहां से पहले दो आम चुनाव में राहुल के दादा फिरोज गांधी विजयी हुए थे। रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र में फिरोज गांधी द्वारा रखी गयी मजबूत नींव को उनकी पत्नी व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने और मजबूती प्रदान की तथा 1967, 1971 और 1980 के चुनाव में इस सीट पर जीत हासिल की। इंदिरा गांधी ने 1980 में दो सीट से चुनाव लड़ा, जिनमें रायबरेली और मेडक (तेलंगाना) लोकसभा सीट शामिल हैं हालांकि उन्होंने बाद में मेडक सीट अपने पास रखने का फैसला किया। उसके बाद अरुण नेहरू ने 1980 के उपचुनाव और 1984 के आम चुनाव में रायबरेली पर कांग्रेस का परचम लहराये रखा। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के करीबी माने जाने वाले अरुण नेहरू से लेकर शीला कौल तक रायबरेली सीट गांधी परिवार के सदस्यों और उनके करीबियों के पास ही रही। इंदिरा गांधी की रिश्तेदार शीला कौल ने 1989 और 1991 में रायबरेली का प्रतिनिधित्व संसद में किया था। गांधी परिवार के एक अन्य मित्र सतीश शर्मा ने 1999 में रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और उसके बाद सोनिया गांधी का राजनीति में प्रवेश हुआ। वर्ष 1977 में आपातकाल के बाद जनता पार्टी के राज नारायण ने इंदिरा गांधी को हराया था, जो उस समय प्रधानमंत्री थीं। वहीं 1996 और 1998 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अशोक सिंह ने कांग्रेस के उम्मीदवारों को शिकस्त दी थी। सोनिया गांधी ने चुनावी राजनीति में प्रवेश करने के लिए 1999 में अमेठी सीट चुनी थी, लेकिन 2004 में उन्होंने अमेठी सीट राहुल के लिए छोड़ दी। सोनिया गांधी ने 2004 से 2019 तक चार बार रायबरेली सीट पर जीत हासिल की हालांकि उनकी जीत का अंतर कम होने लगा था।



### नामांकन के बाद कार्यालय में की पूजा

***लखनऊ।*** *कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने के बाद पार्टी कार्यालय पहुंचे और पूजा-पाठ किया। इस दौरान उनके साथ उनका पूरा परिवार भी मौजूद था। यहां पर नामांकन से पहले पूजा करने की परंपरा सोनिया गांधी ने 2004 में शुरू की थी। राहुल गांधी ने भी इस परंपरा को निभाया।*

## हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से झटका गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका खारिज



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही अंतरिम जमानत वाली याचिका भी खारिज कर दी। हाईकोर्ट के कार्यकारी न्यायाधीश और न्यायाधीश नवनीत कुमार की खंडपीठ ने सुनवाई पूरी होने के बाद 28 फरवरी को फैसला सुरक्षित रखा लिया था। हेमंत सोरेन को अदालत से थोड़ी राहत भी मिली है। उन्हें छह मई को अपने चाचा के श्राद्ध कार्यक्रम में भाग लेने की अनुमति दे दी गई है। हालांकि, सोरेन को मीडिया से दूर रहने की हिदायत दी गई। हेमंत सोरेन की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि ईडी जिस जमीन की बात कर रहा है, वह जमीन उनके नाम कभी रही ही नहीं। फैसला सुनाने में देरी होने पर हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की गई थी, जिस पर छह मई को सुनवाई होनी है। इससे पहले, 27 अप्रैल को सोरेन को झटका लगा था। रांची की विशेष पीएमएलए अदालत ने भूमि घोटाले के एक मामले में उन्हें अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। बता दें, हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के भाई राम सोरेन का शनिवार सुबह निधन हो गया था। वह लंबे अरसे से बीमार चल रहे थे। सोरेन ने अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अदालत से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी। हालांकि, सुनवाई करते हुए अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। बता दें कि हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। उन पर जमीन से जुड़े घोटाले के मामले में धन शोधन का आरोप है। पूर्व सीएम फिलहाल रांची की बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में हाईकोर्ट द्वारा सोरेन की जमानत याचिका पर जवाब देने के लिए ईडी को एक और सप्ताह का समय दिया गया था।

### रांची में 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ी है जांच

सोरेन के खिलाफ जांच रांची में 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ी है। ईडी का आरोप है कि इसे अवैध रूप से कब्जे में लिया गया था। एजेंसी ने सोरेन, प्रसाद और सोरेन के कथित फ्रंटमैन राज कुमार पाहन और हिलारियास कच्छप तथा पूर्व मुख्यमंत्री के कथित सहयोगी बिनोद सिंह के खिलाफ 30 मार्च को यहां विशेष पीएमएलए अदालत में आरोपपत्र दायर किया था। सोरेन ने रांची की एक विशेष अदालत के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने यह आरोप लगाया कि उनकी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित और उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर करने की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी।

## युवाओं का छलका बेरोजगारी का दर्द सरकार मुफ्त राशन नहीं शिक्षा पर दे ध्यान

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में एमडीपीजी कॉलेज के पास युवा संवाद का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं में बेरोजगारी, आरक्षण और महंगी शिक्षा का दर्द दिखा। अधिकांश युवाओं ने कहा कि सरकार को मुफ्त राशन के स्थान पर बच्चों को सस्ती और मुफ्त शिक्षा, कोचिंग देने पर विचार करना चाहिए। अच्छी शिक्षा मिलने पर वह अपने लिए रोटी की व्यवस्था खुद कर लेंगे। सरकार मुफ्त में राशन बांटकर लोगों को पंगु बनाने का कार्य कर रही है। मुफ्त में अनाज मिलने के कारण लोग आलसी हो गए हैं न तो मजदूरी करना चाहते हैं न ही नौकरी करना चाहते हैं। तमाम गरीब परिवार तो ऐसे हैं जो मुफ्त का राशन बेचकर मादक पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। एमडीपीजी कॉलेज की छात्रा ऊषा देवी ने कहा कि सरकार को शिक्षा फ्री कर देनी चाहिए। बाकी सुविधाओं में सरकार भले ही कटौती कर दे लेकिन बच्चों को सस्ती शिक्षा मुहैया कराने की व्यवस्था होनी चाहिए। आज गरीब के बच्चे नहीं पढ़ पा रहे हैं। शिक्षा मिलने से लोगों के अंदर जागरूकता आएगी और देश तरक्की करेगा। मुफ्त का राशन खाने से जनता पंगु हो जाएगी और इसकी आदत देश को पीछे ले जाने का कार्य करेगा। दुर्भाग्य की बात है कि कई राजनीतिक दलों के एजेंडे में रोजगार और सस्ती शिक्षा पर जोर नहीं है। एमए हिंदी की छात्रा शिखा मिश्रा ने कहा कि सस्ता राशन देने के स्थान पर उसका पैसा संबंधित राशन कार्ड धारक के खाते में डाल देना चाहिए, ताकि इस पैसे का दूसरे कामों में किताब खरीदने और फीस भरने या दवा आदि के लिए काम आ सके। एक युनिट पर पांच किलो राशन मिल रहा है। खर्च कम हो पाता है। इसके कारण लोग राशन बेच रहे हैं।

युवाओं ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों में किताबें इतनी महंगी हो गई हैं कि आम आदमी की जेब ढीली हो जा रही है। एनसीईआरटी की एक किताब सौ रुपये के अंदर मिलती है, लेकिन दूसरे बोर्ड की वही किताब की कीमत पांच सौ रुपये से ज्यादा है। बीएससी की छात्रा स्नेहा मिश्रा ने कहा कि सेमेस्टर प्रणाली लागू होने के कारण बच्चों को पढ़ने का मौका नहीं मिलता है और परीक्षाएं सिर पर आ जाती हैं।

## बीएसएफ जवानों की बस पेड़ से टकराई 17 जवान घायल

**नई दिल्ली।** रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) के जवानों की बस शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में 17 जवान घायल हो गये। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना सुबह 11 बजे जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र के चहला गांव के पास की है। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के 32 जवान बस में सवार होकर मतदान केंद्रों का मुआयना करने के लिए रवाना हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि जब वे धरमजयगढ़ के सुदूर पहाड़ी इलाके में स्थित छूही पहाड़ के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लौट रहे थे तभी चहला गांव के करीब बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में 17 जवान घायल हो गये, जिनमें से 13 जवानों का उपचार धरमजयगढ़ के अस्पताल में किया जा रहा है और जिन चार जवानों को ज्यादा चोटें आई हैं उन्हें रायगढ़ मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जिलाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

## दिल्ली में स्कूलों के बाद अब पुलिस हेडक्वार्टर में बम की धमकी, भेजा ईमेल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के नांगलोई इलाके में बम होने की सूचना से हड़कंप मच गया। पुलिस मुख्यालय में ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली है। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद इस ईमेल भेजने वाले का पता लगा लिया है। ईमेल एक नाबालिग ने भेजा था।

पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। जांच में पता चला कि बच्चे ने शरारत में मेल भेजा था। नाबालिग के खिलाफ पुलिस ने जेजे एक्ट के तहत कार्रवाई की।

उसके बाद बच्चे की काउंसलिंग के बाद उसको माता पिता को सौंप दिया गया। इससे पहले दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों, अस्पताल, राष्ट्रपति भवन और आईजीआई एयरपोर्ट समेत कई सरकारी इमारतों में बम रखे होने का ईमेल मिला था। स्कूलों समेत अन्य जगहों पर धमकी भरा मेल आने के बाद तलाशी ली गई और इसमें कुछ भी नहीं मिला। राजधानी में बुधवार सुबह 223 स्कूलों में बम रखे होने के फर्जी ई-मेल के बाद शाम को सोशल मीडिया पर ऑडियो और टेक्स्ट मैसेज वायरल हो गए। इनमें दावा किया गया कि राजधानी के कई स्कूलों में बम मिले हैं, लेकिन पुलिस जानबूझकर जानकारी लोगों को नहीं दे रही है। इन मैसेज का बृहस्पतिवार को खासा असर देखने को मिला। अनेक लोगों ने बच्चों को स्कूल नहीं भेजा। वहीं, पुलिस ने लोगों से अपील की है कि इस तरह के मैसेज पर यकीन न करें। इनमें कोई सच्चाई नहीं है। वे न तो इन मैसेज पर ध्यान दें और न ही किसी दूसरे को भेजें।

## मोदी की गारंटी दिलाएगी जीत या चक्रव्यूह में फंस जाएंगी साध्वी...

**फतेहपुर।** दोआबा की धरती पर इस बार लोकसभा चुनाव में लगातार तीन बार जीतने का इतिहास बनेगा या किसी नए चेहरे को दिल्ली पहुंचने का मौका मिलेगा यह तो ज्ज्ज् को पता चलेगा। फिलहाल यहां लड़ाई कांटे की हो गई है। बसपा ने पहले से ही कुर्मी जाति से आने वाले डॉ. मनीष सचान को उम्मीदवार बना रखा था, अब सपा ने भी इसी जाति के नरेश उत्तम पटेल को मैदान में उतार दिया है। नरेश उत्तम पटेल समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उन्हें अखिलेश यादव के पीडीए से जुड़ी जातियों पर भरोसा है तो केंद्र सरकार में मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को भी मोदी की गारंटी पर विश्वास है। सपा और बसपा से कुर्मी जाति के उम्मीदवार मैदान में आने को भाजपाई साध्वी के लिए मुफीद मान रहे हैं। उन्हें लगता है कि वोटों के बंटवारे में यह सीट आसानी से निकल जाएगी।

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति खुद के कराए हुए विकास कार्यों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को भुनाने में लगी हैं। वह एक स्वर में अपनी उपलब्धियों को गिनातीं हैं और यह भी बताना नहीं भूलतीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही अयोध्या में भव्य श्रीराम लला का मंदिर बनवाया और वहां पर उनकी प्राण प्रतिष्ठा की।

संविधान बदलने के विरोधी दलों के दावों पर वह सफाई भी देतीं हैं और कहतीं हैं कि विरोधी दल मतदाताओं को गुमराह कर रहे हैं। साध्वी रात-दिन क्षेत्र का भ्रमण कर रही हैं। सुबह होते ही क्षेत्र में जनसंपर्क के लिए निकल रहीं और देर रात लौट रहीं हैं। इसी तरह बसपा के डॉ. मनीष सचान भी बसपा की सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की नीति का बखान कर वोट मांग रहे हैं।

सपा में अब उहापोह की स्थिति खत्म हो गई है। देर से ही सही सपा ने नरेश उत्तम पटेल को प्रत्याशी बनाकर मतदाताओं और नेताओं को एकजुट रखने का प्रयास किया है। साथ ही कुर्मी मतदाताओं को भी साधने की कोशिश की है। सपा को उम्मीद है कि सत्ता से नाराज लोग उसे वोट तो करेंगे ही अल्पसंख्यक, दलित और पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं के दम पर इस चुनाव का पार्टी जीत लेगी।



### तीन चुनावों में दूसरे नंबर पर रही बसपा

इस संसदीय सीट पर बसपा दो बार जीत चुकी है। पहली बार 1996 में विश्वंभर प्रसाद निषाद और दूसरी बार 2004 में महेंद्र प्रसाद निषाद यहां से सांसद बने थे। 2009, 2014 और और 2019 के चुनाव में तो बसपा दूसरे नंबर पर रही। ऐसे में पार्टी को लगता है कि अगर वह अपने परंपरागत मतदाताओं को एकजुट करने में सफल हुई और दूसरे दलों के वोट में सेंधमारी कर पाई तो उसके उम्मीदवार डॉ. मनीष सचान की जीत पक्की है। सपा ने 2009 में इस सीट को जीता था। तब राकेश सचान ने यहां बसपा के उम्मीदवार को हराया था। भाजपा को इस चुनाव में तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। अब राकेश सचान भाजपा में हैं और प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। उनका प्रभाव भी यहां के सजातीय मतदाताओं में है। इसे भी भाजपा अपने लिए मुफीद मानती है।

### भाजपा में अंतरकलह भी है

भाजपा में अंतरकलह भी साफ दिखती है। दो बड़े नेता ऐसे हैं जो खुलकर कुछ नहीं बोल रहे हैं लेकिन उनकी नाराजगी का असर समर्थकों से बातचीत में सामने दिख जाता है। हालांकि साध्वी निरंजन ज्योति हर किसी को साथ लेकर चलने की कोशिश में लगी हुई हैं। जो नाराज हैं उन्हें भी मनाने का प्रयास चल रहा है। सपा से पूर्व सांसद अशोक कुमार पटेल टिकट के प्रबल दावेदार थे लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला।ऐसे में उनके नाराज होने की बात कही जा रही है पर अभी तक ऐसा कुछ सामने नहीं आया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को टिकट मिलने के बाद तो किसी अंतरकलह की बात यहां बेमानी नजर आ रही है। 1998 के चुनाव में बीजेपी ने यहां से जीत दर्ज की थी। तब अशोक कुमार पटेल जीते थे। इसके बाद 1999 वे लगातार दूसरी बार भी भाजपा से जीते थे।

## शिवसेना नेता के लिए आया हेलीकॉप्टर हुआ क्रैश

मुंबई। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में शुक्रवार को लैंडिंग के दौरान क्रैश हो जाने से उसके दो पायलट घायल हो गए।

हेलीकॉप्टर मौजूदा लोकसभा चुनाव में एक सार्वजनिक रैली के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता सुषमा अंधारे को लेने जाने वाला था, तभी यह घटना घटी। दुर्घटना सुबह करीब 9.30 बजे हुई जब हेलिकॉप्टर के पायलटों ने इसे महुहड़ में एक अस्थायी हेलीपैड पर उतारने की कोशिश की। हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया, जिससे पायलट घायल हो गए। घटना के एक वीडियो में दिखाया गया है कि हेलिकॉप्टर ने लैंडिंग के दौरान अपना नियंत्रण खो दिया और ऐसा लगा कि वह घूमता, लड़खड़ाता, संतुलन खोता और फिर खुले मैदान में धूल के बादल में तेज आवाज के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो जाता। इस घटना में हेलिकॉप्टर के रोटर ब्लेड भी क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद पुलिस और आपातकालीन टीम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पायलटों को बचाया और उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया। प्रारंभिक टिप्पणियों के अनुसार, यह घटना असमान लैंडिंग ग्राउंड के कारण हुई। रायगढ़ लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा। सुषमा अंधारे महाराष्ट्र की राजनीति में एक जानी-मानी हस्ती है। वे एक वकील, व्याख्याता और लेखिका भी हैं। उनके पास राजनीति विज्ञान में डॉक्टरेट और मास्टर्स की डिग्री है। उन्हें दलित/अंबेडकरवादी आंदोलन के साथ-साथ आदिवासी समुदायों के बीच उनके काम के लिए जाना जाता है। वे बौद्ध धर्म को मानती हैं।



## वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार




हापुड़ लोकजन संदेश

पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा थाने के भादवि में वांछित अभियुक्त को रोडवेज बस अड् ?डा कस्बा गढ़ से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता रवि शंकर पुत्र वीरपाल सिह निवासी मौ0 सेगेवाला कस्बा व थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. उ0नि0 अजीत सिह थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ 2. हे0का0 711 उमंग त्याग 3. का0 1059 सचिन कुमार

## अवैध प्लाटिंग व अवैध निर्माण के विरुद्ध अभियान चलायेगा एचपीडीए



हापुड लोकजन संदेश

जनपद में बड़े पैमाने पर पर हो रही अवैध प्लाटिंग व अवैध निर्माण को लेकर प्राधिकरण आठ मई से जनपद में अभियान शुरू करेगा। जिसके लिए डीएम, एसपी को पत्र लिखकर पुलिस फोर्स की मांग की गई है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष डाक्टर नीतिन गौड़ व सचिव प्रदीप सिंह ने भेजें पत्र में कहा कि प्राधिकरण के द्वारा हापुड, पिलखुवा एवं गढ़ ?मुक्तेश्वर विकास क्षेत्र के अन्तर्गत अवैध कालोनियों, अवैध निर्माणों वो विरुद्ध ध्वस्तीकरण, सीलिंग अभियान चलाया जाना प्रस्तावित है। अभियान के समय मजिस्ट्रेट एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की आवश्यकता होगी। जिससे प्रभावी रूप से शान्तिपूर्वक अवैध निर्माणों, अवैध कालोनियों एवं अतिक्रमण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण व सीलिंग अभियान चलाया जाना सम्भव हो सकें। पिलखुवा विकास क्षेत्र में 8 मई 2024, कोतवाली एवं हाफिजपुर 14 मई 2024, गढ़मुक्तेश्वर विकास क्षेत्र 17 मई, बाबूगढ़ विकास क्षेत्र 22 मई, हापुड़ देहात क्षेत्र 24 मई, सिम्भावली विकास क्षेत्र 28 मई को अभियान चलाया जाएगा। हापुड़ पिलखुवा विकास अब व्याप्क स्तर पर अवैध प्लाटिंग व अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान शुरू करने वाला है इन तिथियों में ध्वस्तीकरण व सीलिंग अभियान हेतु मजिस्ट्रेट नामित करने तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का अनुरोध किया गया है

## नगर पालिका ने चलाया बुल्डोजर, सड़कों पर रैंप बनाकर किए अतिक्रमण को तोड़ा

हापुड़ लोकजन संदेश

नगर पालिका परिषद ने हापुड़ में मौहल्लों में आधी सड़कों पर रैंप बनाकर अतिक्रमण करनें की शिकायत पर बुल्डोजर से एक दर्जन मकानों के रैंप को तोड़ दिया और अतिक्रमण ना करनें की चेतावनी दी नगर पालिका के जेइ अरविंद कुमार, सेनेटरी इंस्पेक्टर नीरज कुमार और रेवेन्यू इंस्पेक्टर सुनील सिंह के नेतृत्व में गुरूवार को पालिका की टीम बुल्डोजर लेकर त्यागी नगर स्थित टावर वाली गली पहुंची। पालिका की टीम ने घर के बाहर सड़क पर रैंप लगाकर अवैध अतिक्रमण करने वालों के रैंप तोड़ने शुरू किए। इससे हड़कंप मच गया जेइ अरविंद कुमार ने बताया कि नगर पालिका के अधिकारियों को लिखित और



आइजीआरएस पोर्टल पर लगातार गली में अतिक्रमण होने की शिकायत मिल रही थी। इसपर अवैध अतिक्रमण की जांच कराई गई तो जांच सही पाई गई। अवैध अतिक्रमण करने वाले लोगों को पालिका द्वारा दो बार नोटिस भेजा गया, लेकिन नोटिस के बाद भी भवन स्वामियों ने अपना अतिक्रमण नहीं हटाया गया है

## पुलिस ने 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



हापुड़ लोकजन संदेश

पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा थाने के भादवि से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों को लौंगा सराय तिराहे से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता 1. नितेश पुत्र चन्दकिरन निवासी ग्राम सेहल थाना बहादुरगढ जनपद हापुड 2. चन्दकिरन पुत्र पूरन सिंह निवासी ग्राम सेहल थाना बहादुरगढ जनपद हापुड गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. उ0नि0 मनवीर सिंह थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड 2. है0का0 167 बदूद खां 3. का0 440 गौरव तोमर

## खेत में मिला युवक का शव, नगर निगम मेरठ के ड्राईवर के रूप में हुई शिनाख्त



हापुड़लोकजन संदेश

थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में पुलिस ने एक खेत में एक युवक का शव बरामद किया, जिसकी शिनाख्त नगर निगम मेरठ के ड्राईवर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पीएम को भेज जांच शुरू कर दी जानकारी के अनुसार बाबूगढ़ के गांव वनखंडा दयानतपुर के पेट्रोल पम्प के पास शुक्रवार की सुबह एक खेत में बाईक व युवक का शव बरामद किया थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मृतक की शिनाख्त मेरठ के गांव जाहिदपुर निवासी आशीष के रूप में हुई है उन्होंने बताया कि मृतक देर रात बाईक से बाबूगढ़ से वापस घर लौट रहा था। बाईक फिसलने से युवक की मौत हो गई थी

## सहेली की मदद से युवती को भगा ले गया युवक , एफआईआर दर्ज

हापुड़ लोकजन संदेश

थाना हापुड़ क्षेत्र के मोहल्ला सिद्धार्थनगर निवासी महिला ने युवक पर उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाते हुए सहेली सहित तीन पर एफआईआर दर्ज करवाई है हापुड़ के मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि 17 अप्रैल को शाम करीब साढ़े पांच बजे सोनू निवासी गांव आलमनगर ने उसकी पुत्री को फोन कर रामलीला मैदान में बुलाया।



इसके बाद आरोपी उसकी पुत्री का बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया। इस कृत्य में पीड़िता की सहेली व पुत्री को पूर्ण सहयोग रहा है थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि मामलें में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नी का निधन

जालौन। ब्लॉक क्षेत्र ग्राम लौना निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लल्लूराम वर्मा लगभग नौ वर्ष पूर्व निधन हो गया था। गुरुवार की शाम उनकी पत्नी ने भी 105 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। क्षेत्र के लोगों ने उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार की सुबह उनके बड़े बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी।21 नवंबर 1916 को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम लौना में जन्मे लल्लूराम वर्मा पुत्र बदलू वर्मा माता पिता की इकलौती संतान थे। तीन वर्ष की आयु में ही इनकी मां परलोकवासी हो गईं। जिसके बाद पिता ने दूसरी शादी कर ली। मात्र 17 वर्ष की आयु में धगवां गांव निवासी राजरानी से इनका विवाह हुआ। उस समय राजरानी की उम्र भी लगभग 14-15 साल रही होगी। विवाह के समय गांव के जमींदार से लिए 11 रुपये का कर्ज दो बार चुकाने के बाद भी जब जमींदार ने और रुपये मांहे तो उन्होंने विरोध किया और जमींदार के खिलाफ शिकायत की। इसी के बाद से लल्लूराम वर्मा ने भारत को स्वतंत्रता दिलाने के अभियान में जुड़ने का फैसला किया। जिसमें उनकी पत्नी राजरानी ने बराबर सहयोग किया। 22 मई 1941 को अंग्रेजों के खिलाफ प्रदर्शन में उनकी गिरफ्तारी होने के बाद पत्नी राजरानी ने न केवल घर को संभाला बल्कि बच्चों को भी यह अहसास नहीं होने दिया कि उनके पिता जेल में हैं। 19 नवंबर 2015 को लल्लूराम वर्मा का निधन हुआ। तो गुरुवार की शाम उनकी पत्नी राजरानी ने भी 105 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके निधन की खबर सुनकर गांव व क्षेत्र के लोगों ने उनके घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार की सुबह उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके बड़े पुत्र चंद्रशेखर ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस मौके पर प्रयाग गुरु, राजकुमार आचार्य, सुशील मास्टर, ओमशंकर, इमरान, रामधनी, रामप्रकाश, मकबूल, कमल आदि लोग शोक व्यक्त कर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की।

## थाना हाफिजपुर पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार




हापुड़ लोकजन संदेश

पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत हाफिजपुर पुलिस द्वारा थाने केभादवि में वांछित अभियुक्त को उसके मसकन से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता ननवा पुत्र मुनफैद निवासी ग्राम कलछीना थाना भोजपुर जनपद कमिश्नरेट गाजियाबाद गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. उ0नि0 रवेन्द्र कुमार थाना हाफिजपुर जनपद हापुड 2. है0का0 830 रवि तेवतिया 4. का0 223 सुमित कुमार

## भैंसा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक शातिर चोर को किया गिरफ्तार

हापुड़लोकजन संदेश

पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा थानेभादवि का सफल अनावरण करते हुए एक शातिर चोर को गढ मेरठ रोड स्थित विकार प्रधान के ट्यूवेल के सामने से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से चोरी का भैंसा बेचकर प्राप्त 15,250/- रुपये नकदी व अवैध असलहा बरामद हुआ है उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गढ़मुक्तेश्वर




पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता मुजम्मिल पुत्र आस मौहम्मद निवासी ग्राम दौताई थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. उ0नि0 राजवीर सिंह थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड । 2. का0 1007 ऋषिकान्त 3. का0 964 जयवीर गौतम

## थाना धौलाना पुलिस द्वारा 02 बाल अपचारियो को हिरासत में लिया गया

हापुडलोकजन संदेश

पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना धौलाना पुलिस द्वारा थाने के भादवि व 5जी 6 पोक्सो एक्ट व 67बी आईटी एक्ट से सम्बन्धित 02 बाल अपचारियो को देहरा निधावली नहर पटरी से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए बाल अपचारियो को माननीय किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा जा रहा है पुलिस अभिरक्षा में लेने वाली पुलिस टीम 1. निरीक्षक ओमवीर सिंह थाना धौलाना जनपद हापुड 2. हे0का0 129 राजेश कुमार 3. का0 893 दिव्य बालियान . का0 43 वीरेन्द्र सिंह

## हरिद्वार से फरार 2,5000/- रु के इनामी बदमाश को घायलावस्था में किया गिरफ्तार

हापुड़ लोकजन संदेश

पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड देहात पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान जनपद हरिद्वार (उत्तराखंड) से फरार/वांछित 2,5000/- रुपये के इनामी बदमाश को घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से अवैध तमंचा मय जिन्दा व खोखा कारतूस, दिल्ली से चोरी की गई मोटर साइकिल बरामद हुई है उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड देहात पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता कपिल कुमार उर्फ रावण पुत्र निर्दोष कुमार निवासी ग्राम नियामु थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1.प्र0नि0 महेन्द्र सिह थाना हापुड देहात जनपद हापुड2.उ0नि0 नसीम खान स्वाट टीम जनपद हापुड उ0निरीक्षक मनीष कुमार, थाना



हापुड देहात, जनपद हापुड उ0नि0 यूटी सुमन्त दुबे हे0का0 203 आशीष कुमार कांस्टेबल 16 अरूण कुमार

## पहले मतदान फिर जलपान लोकतंत्र का करो सम्मान



उरई(जालौन)। जिलाधिकारी के आदेश अनुसार मतदाता जागरूकता यात्रा शुक्रवार को कदौरा ब्लाक के ग्राम पंचायत चमारी के प्रधान बृजेश कुमार गौतम व ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार सोनी, जूनियर स्कूल के प्रिंसिपल संजय दुबे, सहायक अध्यापक विनीत कुमार, आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता माधुरी, पंचायत कर्मी गजराज सिंह व ग्रामीण शिवराम वर्मा, परमलाल वर्मा, सुरेंद्र आदि लोगों ने मतदाता यात्रा प्राइमरी जूनियर कंपोजिट स्कूल से शुरू कर गांव के सभी मतदाताओं को जागरूक किया और गली मोहल्ला हर घर तक जाकर आने वाली 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने की अपील की। लोकतंत्र के निर्माण में बढ़चढ़ मतदाता हिस्सा लें और अपनी सरकार चुने जिसके लिए पंचायत चमारी में मतदाता जागरूकता यात्रा का समापन पंचायत भवन पर समापन किया गया।

## चुनाव शांति पूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराना पहली प्राथमिकता: ब्रजेश बहादुर सिंह

कुठौंद(जालौन)। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के अंतर्गत जालौन पुलिस अधीक्षक डा. इराज राजा के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकार जालौन राम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में तथा सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत थाना सिरसाकलार पुलिस द्वारा विभिन्न ग्रामों में एरिया डोमिनेशन के तहत रूट मार्च फुट पेट्रोलिंग कर आमजनमानस में कराया सुरक्षा का एहसास। फुट मार्च के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह ने कस्बा सिरसा कलार एवं बेहड पट्टी के ग्राम सभाओ में पेदल मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिया और उन्होंने कहा की सभी भाई व मतदाता अपने अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और उन्होंने कहा की सरकार की मंशा के अनुरूप लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी इस दौरान अगर किसी भी अराजक तत्व ने किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने की कोशिश की या गलत तरीके से कमेंट किया या गलत अफ्वाह फैलाने की कोशिश की तो उसके खिलाफकठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी उसको किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा वह कितनी भी पहुंच वाला क्यों ना हो उसका स्थान सिर्फसलाखों के पीछे होगा।

## अज्ञात के खिलाफमोटर साइकिल चोरी में लिखा मुकदमा

कोंच(जालौन)। जनपद झांसी थाना टहरौली के ग्राम मवई निवासी वृजेन्द्र पुत्र राधेलाल ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि घटना 26 अप्रैल 2024 समय करीब रात्रि 11 बजे की है। जब मै अपने रिस्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए मोटर साइकिल यूपी 93 बीजे 3415 एचएफडीलक्स रंग लाल से मुहल्ला गोखले नगर स्थित चौबे पार्क आया हुआ था लेकिन चौबे पार्क के पहले विजय कपड़ा वालो की दुकान के सामने मोटर साइकिल को खड़ी कर दी थी और कार्यक्रम में शामिल होने के लिए, चला गया था जब कार्यक्रम से वापिस आया तो देखा कि मेरी मोटर साइकिल गायब है। जिसकी मैने काफी खोजबीन की लेकिन कोई सफ्लता हाथ नहीं लगी वृजेन्द्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफमुकदमा संख्या 91/24 धारा 379 आईपीसी में दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आग लगने की घटनाओं से दमकलकर्मी चकर गिन्नी बने

कालपी(जालौन)। कालपी तहसील क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में खेतों में अग्निकांड की घटनाएं हो गई। आग बुझाने के लिए दमकलकर्मी दिनभर चकर गिन्नी बने रहे। गुरुवार की सुबह दस बजे ग्राम सौंधी में खेत के खड़ी ठंडलो में भीषण आग लग गई। अग्निशमन प्रभारी महेंद्र बाजपेई दमकल कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे तथा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम उरकरा कला प्रधान शिवदास श्रीवास की सूचना पर दमकल कर्मियों गांव पहुंचे तथा भूसे के भंडार में लगी आग को बुझाया। इसी प्रकार अकबरपुर इटौरा तथा इटौरा बुजुर्ग में भी आग लगने की घटनाएं हुई। जबकि निकटवर्ती ग्राम जोल्हूपुर के जंगल में भी आग लगने की वजह से दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे रहे। दिलचस्प बात यह रही कि दमकल कर्मियों को अलग-अलग स्थानों में लगी आग को बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# अभियान चलाकर नमूने भरे खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने



उरई(जालौन)। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन सेक्टर-सी अलीगंज, लखनऊ एवं जिलाधिकारी के आदेशानुसार जनपद जालौन में आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग जालौन द्वारा सचल दल का गठन कर विशेष अभियान चलाकर गर्मी के मौसम के दृष्टिगत खाद्य कारोबारकर्ताओं के निरीक्षण कर नमूना संग्रहण की कार्यवाही की गयी, जिसमे रिलांयस मार्ट कालपी रोड उरई से पेय पदार्थ सॉफ्टि ड्रिंक, राम इण्टर प्राइजेज प्रो. योगेन्द्र कुमार गुप्ता अकबर मार्केट से पेय पदार्थ प्रोटीन सप्लीमेंट, राधारानी ट्रेडर्स अजनारी रोड़ उरई से खाद्य पदार्थ हॉलिक्स,निगोतिया ड्रग हाउस अकबर मार्केट उरई से पेय पदार्थ ग्लूकोन-डी, बालेन्द्र एनर्जी फूड पॉलिटेक्निक के पीछे नया पटेल नगर उरई से खाद्य पदार्थ धनिया मसाला व गरम मसाला, अंजनी वर्मा पुत्र नन्नु कुईया रोड़ नियर विवेकानन्द स्कूल के पास से खाद्य पदार्थ मिर्च मसालां, आरआर ड्रग सेन्टर प्रो. उदय करन पुत्र बलराम अकबर मार्केट उरई से खाद्य पदार्थ प्रोटीन पाउडर का नमूना लिया गया। उक्त नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात् खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी। टीम के द्वारा जनपद के स्थानीय बाजारों के निरन्तर निरीक्षण किये जा रहे है व यह अभी आगे भी जारी रहेंगें। टीम में सहायक आयुक्त खाद्य अभिहित अधिकारी डा. जतिन कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आलोक कुमार, सुनील कुमार, कन्हैया लाल यादव मौजूद रहे।

# मतदान पोस्टर चिपकाकर लोगों को किया जागरूक



कोंच(जालौन)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदान के लिए कई संस्थाएं जागरूकता अभियान चला रहीं है जिससे अधिक से अधिक मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक पहुंचाया जा सके। उक्त के क्रम में भारत विकास परिषद ने दिन शुक्रवार को विभिन्न कार्यलयों में पोस्टर चिपकाकर मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया जिसमें प्रमुख रूप से उपजिलाधिकारी कार्यालय तहसीलदार कार्यालय रजिस्ट्रार कार्यालय वार संघ कार्यालय कोतवाली पोष्ट ऑफिस डा. पीडी चन्देरिया क्लीनिक सहित तमाम संस्थानों एवं जगहों पर मतदान के लिए जागरूक करने हेतु पोस्टर लगाए गए और नागरिकों से पहले मतदान फिर जलपान की अपील की इस अभियान में कार्यालय प्रभारियों ने भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और अपने अपने कार्यालयों में मतदान जागरूकता के लिए पोस्टर चिपकाए। इस दौरान भारत विकास परिषद शाखा के अध्यक्ष बब्बू राजा नरी सचिव दिनेश सोनी घुरा कोषाध्यक्ष त्रिभुवन पटेल इंफेप्राकं कम्प्यूटर डायरेक्टर अमरेंद्र दुबे आदि मौजूद रहे।

# अपर निदेशक ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण, कमियों को दूर करने के दिये निर्देश




कालपी(जालौन)। शुक्रवार को झांसी मंडल अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सक डा. सुमन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सीएचसी का घूम-घूमकर निरीक्षण किया तथा कमियां पाए जाने पर मौके पर मौजूद डॉक्टरों तथा कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देकर सुधार करने की हिदायत दी।

लखनऊ से झांसी जाते समय दोपहर को अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औचक निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक ने भीषण गर्मी को देखते हुए ओपीडी तथा वार्ड में भर्ती मरीजों के हालचाल को जाना व रोगियों को बेहतर उपचार सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रयोगशाला व लैब के निरीक्षण के दौरान मशीनों की खराबी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि जांचों के लिए मरीजो को परेशान नही किया जाए व मरीजो को ठीक कराकर सीएचसी परिसर में ही जांच कराई जाए। कोल्ड चौन में वैक्सीन दवाइयों के रखरखाव की स्थिति को देखा। अपर निदेशक ने औषधि भंडारण कक्ष तथा औषधि वितरण कक्ष का भी निरीक्षण करके अभिलेखों से दवाइयों का मिलान किया। उन्होंने निर्देश दिए कि गर्मी की मौसम की वजह से दवाइयों का पर्याय स्टॉक रहना चाहिए। चिकित्साधिकारी डा. रूबी सिंह, डा. शेख शहरयार, डा. गोपाल जी द्विवेदी आदि जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों से अपर निदेशक ने सीएचसी में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो कमियां पाई गई हैं। उन्हें जल्द जल्द ठीक किया जाए तथा परिसर में स्वच्छता बनाये रखने पर भी जोर दिया।

## उत्तर प्रदेश से गठबंधन का होगा सूपड़ा साफ: भूपेन्द्र सिंह



उरई(जालौन)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और वर्तमान सांसद भानु प्रताप सिंह वर्मा ने नामांकन के अंतिम दिन भी एक पर्चा एक सेट में जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के समक्ष प्रस्तुत किया। नामांकन के पहले बडी संख्या में भाजपाई राजकीय इंटर कालेज उरई में इकट्ठा हुए। इसके बाद रोड शो करते हुए भाजपाई जैसे ही जिला पंचायत गेट के पास पहुंचे तो पुलिस प्रशासन ने भाजपा के काफिले को रोक लिया और चुनिंदा लोगों को रिटर्निंग ऑफिसर के पास जाने दिया। जिस पर भाजपाई प्रशासन से भीड़ गए और अंदर जाने की जिद करते देखे गए। भाजपाइयों का यह शिलशिला रिटर्निंग ऑफिसर के दरवाजे तक बरकरार रहा।

### भाजपा उम्मीदवार के रोड शो में प्रदेश अध्यक्ष रहे मौजूद

उरई। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रोड शो पहले जन सभा को सम्बोधित किया जहां प्रत्याशी के लिए बड़ी जीत के साथ जिताने की बात कही। इसके बाद चुनावी रथ पर सवार होकर प्रदेश अध्यक्ष सहित मंत्री राकेश सचान, जवाहर सिंह राजपूत विधायक गरौठा, माधौगढ विधायक मूलचंद निरंजन, एमएलसी बाबूलाल तिवारी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, एमएलसी रमा निरंजन, छोटे सिंह, अरबिंद चौहान जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित मौजूद रही।

# सैल्समैन की मौत पर आक्रोशित परिजनों ने कोतवाली परिसर में कांटा हंगामा



कालपी(जालौन)। दुर्घटना में सैल्समैन की मौत के मामले को लेकर शुक्रवार को मृतक के आक्रोशित परिजनों तथा महिलाओं ने कोतवाली परिसर में हंगामा कांटा और धरने पर बैठ कर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगी। मौके पर कोतवाली पहुंचे क्षेत्राधिकारी डा. देवेंद्र कुमार ने समझा बूझाकर मामला शांत कराया। विदित हो कि नगर के मुहल्ला मिर्जामण्डी निवासी प्रसन्न उर्फ सोनू पाण्डेय पुत्र स्व. चन्द्रभान पाण्डेय निकटवर्ती ग्राम गुढा खास स्थित शराब ठेका में सेल्समैन के रूप में काम करता था। वह रविवार देर शाम बाईक द्वारा घर लौट रहा था।जब वह घर नही पहुंचा था बाद में परिजनो को उसके वेहोशी की हालत में सी एच सी मे दाखिल होने की जानकारी मिली थी। परिजन उसे गम्भीर हालत में मेडिकल कालेज कानपुर ले गये थे जहा पर उसकी मंगलवार देर शाम मौत हो गई थी। मृतक के चचेरे भाई मनोज पाण्डेय को जानकारी हुई थी कि व्यास मंदिर के पास उसकी बाईक वन विभाग में कार्यरत कर्मी की साईकिल से टकरा गई थी जिसमे दोनों के मध्य विवाद हुआ था जिसमे हरीगंज निवासी वनकर्मी ने अपने परिजनो को बुला लिया था और उसकी मारपीट कर दी थी जिससे वह बेहोश हो गया था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने भी युवक की मौत की शिकायत मिलने पर मनोज पाण्डेय की तहरीर पर वन रक्षक मुन्ना यादव तथा 4 अज्ञात लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं मे रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। ?आरोपी को हिरासत में ले लिया था और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही का आश्वासन दिया था। लेकिन एफ्आईआर दर्ज होने के दो दिन तक कोई कार्यवाही न करने पर मृतक के परिजन शुक्रवार को आक्रोशित हो गए थे। और मृतक की पत्नी और मां की अगुआई में आधा सैकडा महिलाओं ने शुक्रवार को कोतवाली पहुंच कर पुलिस के खिलाफनारेबाजी करने लगी थी। आक्रोशित महिलाए आरोपितो की अतिशीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर परिसर में ही धरने पर बैठ गई। सूचना की सूचना मिलने पर कोतवाली पहुंचे क्षेत्राधिकारी डा देवेन्द्र कुमार पचौरी ने आक्रोशित महिलाओं को 3 दिनों में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# आंत में छेद व स्तन में कैंसर की गांठ का मेडिकल कालेज में सफल हुआ ऑपरेशन, लौटी मुस्कान



उरई(जालौन)। मेडिकल कालेज के डाक्टरों की टीम द्वारा पहले मरीज के आंत में छेद होने व दूसरे मरीज राममूर्ति को स्तन में कैंसर की गांठ का सफ्ल ऑपरेशन किया गया। शुक्रवार के दिन दोनों मरीज को पूर्णतया स्वस्थ होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। दोनों मरीजों का मेडिकल कालेज की सर्जरी ओटी में सफ्ल ऑपरेशन किया गया। पहले मरीज की आंत में छेद का जटिल आपरेशन किया गया। दूसरे मरीज की स्तन कैंसर की गांठ को जड़ से निकाल दिया गया। डाक्टरों की टीम ने मरीज के परिवार वालों के चेहरों की मुस्कान लौटाई। प्राचार्य डा. आर के मौर्या व सीएमएस डा. प्रशांत निरंजन व सर्जरी विभागध्यक्ष डा. निशान्त सक्सेना ने मेडिकल टीम की सराहना की। बता दें कि एक माह पूर्व मरीज 65 वर्षीय चेतराम पुत्र घनश्याम निवासी कालपी को पेट में दर्द उठा था। मरीज ने कई जगहों पर अपना उपचार कराया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। मेडिकल कॉलेज में डाक्टरों ने उसे आंत में छेद होने की शिकायत बताई। इसके बाद सभी ने मरीज को लखनऊ व दिल्ली जा कर इलाज की सलाह दी। करीब एक हफ्ता पूर्व मरीज राजकीय मेडिकल कालेज आया। मरीज की हालत गंभीर थी और उसकों आपरेशन की सख्त जरूरत थी। मरीज के अमाशय में 2-3 सेमी का छेद था। जिसको डा. नीरज राजपूत सर्जन ने देखा और ऑपरेशन द्वारा छेद बंद करके पेट से दूसरा रास्ता बनाया। अब मरीज ठीक है। वही दूसरा मरीज 63 वर्षीय राममूर्ति पत्नी लालता निवासी औरैया को दाए तरफ स्तन में कैंसर की गांठ हो गई थी। जिससे के मरीज बहुत जगह दिखाया। पैसे के अभाव में अपना ईलाज नहीं करा पा रहे थे। मेडिकल कालेज में डाक्टर कों दिखाने के बाद डाक्टर ने मरीज की सभी जांच करके रिपोर्ट आने के बाद मरीज का सफ्ल आपरेशन किया गया। आज दोनों मरीज जब डिस्चार्ज हुए तब दोनों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। दोनों मरीजों ने मेडिकल कालेज के प्राचार्य, सीएमएस, डाक्टरों और स्टॉफको बधाई दी। डा. नीरज राजपूत ने मरीज चेत राम की सभी जांच को देखा। उसके परिवार वालों को आंत में छेद होने के लिए गंभीर आपरेशन के लिए बताया। मेडिकल कालेज के डाक्टरों की टीम ने आंत में छेद का सफ्ल आपरेशन किया। दोनों सफ्ल आपरेशन करने वाली टीम में डा. नीरज राजपूत, डा. आदर्श डांडे, डा. रेनू गौतम जेआरद्द डा. अरुण चौधरी जेआर वन, एनेथिसिया टीम में डा. कीर्ति डा. भावना ओटी स्टाफमें नर्स वंदना सचान रही।

# संपादकीय

## और वे मुकर गए, रास्ते से गुजर गए

चुनाव का साल था, यही बड़ा सवाल था। वे पिछले वादों से मुकर गए, भीड़ भरे रास्ते से गुजर गए। बड़ी उम्मीद और टकटकी लगाए लोकतंत्र का पहरुआ उनको सुन रहा था, कुछ खुद के लिए, कुछ अपने बच्चों के लिए सुनहरे ख्वाब बुन रहा था। हर बार की तरह इस बार भी वो विशाल रैली और रोड शो का हिस्सा बन चुका था, सपने हकीकत में बदलते उसके पहले ही चुनाव प्रचार थम चुका था।न गैस की टंकी के दाम घटे थे, न कोई जबरिया टैक्स हटे थे। महंगाई की पतीली में उफान जारी था, उसकी कमर पर वार जारी था। वो रह-रह कर कभी बैंक की किस्तों से लड़ रहा था और कभी चार कदम आगे बढ़कर दो कदम पीछे हट रहा था। कभी मोटरसाइकिल के पहियों को थाम साइकिल चलाकर पेट्रोल बचा रहा था, इस तरह जिंदगी को चला रहा था।थाली की दाल बहुत पतली हुई जा रही थी, बच्चों की महंगी पढ़ाई की चिंता दिन-रात खाए जा रही थी। इसी बीच कहीं पेपर लीक की खबर सुनाई दे जाती थी, ऐसी बातें कानों को नहीं सुहाती थी। मगर नियति ने तो उसे सिर्फ मत देने का ही अधिकार दिया था, उसकी तकदीर का फैसला तो किसी और ने ही ले लिया था। वो प्रजातंत्र की बानगी को दूर से देख रहा था, और चुनावी समर में अपनी आंखें सेंक रहा था।वादों और दावों की तीव्र बयार से आम जन अचंभित था, सबको सब कुछ देने की कोशिश की जा रही थी। गंजे को कंघी दी जा रही थी, लोकलुभावन नारों से जीवन बदलने की गारंटी दी जा रही थी। हमेशा की तरह हर बात पर विश्वास करने वाले भोले मतदाता को बहुत भा रही थी।हालात बदलने का प्रयास बहुत जोर से किया जा रहा था, जो जमीन पर कम अखबार में खूब छा रहा था। लंबी फेहरिस्त आम आदमी के लिए तैयार की जा रही थी, कुछ बातें हर बार जुड़ती और कुछ छूट जा रही थी। जन्म से लेकर मृत्यु तक की व्यवस्था करने की इत्तला दे रहे थे, लेकिन यह सब होगा चुनाव के बाद यह कह रहे थे।आश्वासनों की उसको आदत-सी हो गई है, अंदर की आत्मा जैसे सो गई है। अपने ही कामों को लेकर गाफिल है, कभी राशन की लाइन में, कभी कनस्तर लेकर पानी की लाइन में और कभी पर्ची कटा कर सरकारी अस्पताल की लाइन में खड़ा होकर अपनी बारी का इंतजार करता है, और इस देश का कर्णधार इन्हीं समस्या को दूर करने का हर बार इकरार करता है। लेकिन लोकतंत्र के उत्सव में आम आदमी से सम्मान पाकर फूल जाता है और काम निकल जाने पर नींव के पत्थर को भूल जाता है।मतदाता और नेता का गहरा नाता है, चुनावी बेला में मतदाता बहुत याद आता है। एक दिन के लिए उसकी खूब खातिर होती है, और फिर पांच साल के लिए भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। इसलिए वो जनता जनार्दन कहलाता है, आम आदमी का क्या है? वो तो इस देश में सड़कों पर ही अपना जीवन खपा देता है।

# समय की दीवार पर चमकीली इबारत लिखने वाले भारतीय



हर साल की तरह न्यूयार्क से प्रकाशित अमेरिकी साप्ताहिक समाचार पत्रिका टाइम ने इस साल भी 'द हंड्रेड मोस्ट इन्फ्लूएंशियल पीपुल ऑफ द ईयर 2024' की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में दुनिया के प्रभावशाली आर्टिस्ट, आइकंस, लीडर्स, इनोवेटर्स और पायनियर्स को जगह मिली है। बता दें कि हाल के कई सालों की तरह इस साल भी दुनियाभर प्रभावशाली लोगों की इस सूची में अच्छी-खासी संख्या भारतीयों की है।

अभिनेता देव पटेल

ये भारतीय हैं ताजा सूची में शामिल

इस बार पूरी दुनिया के 100 महत्वपूर्ण लोगों की लिस्ट में जिन भारतीयों ने अपनी जगह बनायी है, उनमें विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, पूर्व ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक, स्लमडॉग मिलेनियर में भूमिका निभाने वाले अभिनेता देव पटेल, अमेरिकी ऊर्जा विभाग के ऋण कार्यक्रम कार्यालय के निदेशक जिगर शाह, येल यूनिवर्सिटी में खगोल भौतिकी की प्रोफेसर और 'मैपिंग द हेवेन्स=द रेडिकल साइंटिफिक आइडियाज दैट रिवील द कॉसमॉस' की लेखिका प्रियंवदा नटराजन और भारतीय मूल की रेस्तरां मालकिन असमा खान शामिल हैं। बता दें कि टाइम मैगजीन की इस सूची में भारतीय नागरिकों समेत भारतीय मूल के वे व्यक्ति भी शामिल हैं जो विदेशों में बसें हैं यानी अब वहां के नागरिक हैं।

चयन प्रक्रिया के जटिल अवरोध और कसौटियां

टाइम पत्रिका की सालाना प्रकाशित होने वाली इस सम्मानित सूची में अपनी जगह बनाना कोई छोटी बात नहीं होती। इस सूची में होने का मतलब है कि प्रभाव के ग्लोब में आपकी एक सुनिश्चित जगह और पहचान है। दुनिया के प्रभावशाली लोगों की यह प्रतिष्ठित सूची कई जटिल अवरोधों से गुजरकर बनती है। इसमें शामिल होने के लिए टाइम पत्रिका के 100 एक खास समूह की राय और इसके अंतर्राष्ट्रीय लेखन स्टाफ से नामांकन मंगाए जाते हैं। इस तरह प्रभाव आकलन की कई कसौटियों से गुजरकर किसी शख्स का टाइम मैगजीन के प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल होना, अपने आपमें महत्वपूर्ण है। साल 1923 से प्रकाशित हो रही इस पत्रिका की अब तक की प्रभावशाली सूचियों में सैकड़ों भारतीय अपनी जगह बना चुके हैं। अमिताभ बच्चन, सोनिया गांधी, शाहरुख खान, इंद्रा नूई और राजामौली जैसी शख्सियतें इसकी सूची में कई बार जगह पाती रही हैं। एक बार इस सूची में किसी का नाम आ जाता है तो फिर वह पूरी दुनिया में अपनी पहचान का मोहताज नहीं रहता। प्रभावशाली लोगों की यह सालाना सूची हर साल मैनहटन में आयोजित एक समारोह में जारी की जाती है।

'पृथ्वी ग्रह के प्रभावी अंबेसडर'

हालांकि इस सूची का दुनिया की किसी आधिकारिक संस्था, संगठन या समारोह से कोई रिश्ता नहीं है, फिर भी एक बार आपका नाम इस सूची में आ जाए तो फिर पूरी दुनिया आपके बारे में जानने को उत्सुक रहती है। ..और ये 100 लोग वास्तव में पृथ्वी ग्रह के प्रभावशाली अंबेसडर माने जाते हैं। माना जाता है कि इनके काम मानवता के हित में होंगे और भविष्य की पीढ़ियों के लिए शानदार और सकारात्मक राह दिखाएंगे। स्वास्थ्य, व्यवसाय, मनोरंजन, विज्ञान, राजनीति या कोई भी क्षेत्र जिससे लोग या लोगों का समूह प्रभावित होता हो, उन सब क्षेत्रों से इस सूची के लिए महत्वपूर्ण शख्सियतें चुनी जाती हैं। इसलिए इस सूची के लिए निश्चित विषय नहीं हैं,यह चयन ऐसे लोगों द्वारा किया जाता है, जिनका चयनित लोगों से कोई दूर-दूर तक का रिश्ता न हो। मसलन ब्रिटिश फिल्म और टेलीविजन निर्माता, निर्देशक व लेखक टॉम हार्पर ने इस सूची के लिए बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की सिफारिश करते हुए उन्हें दुनिया की शीर्ष अभिनेत्रियों में से एक बताया है। साथ ही टॉम ने उन्हें कुशल व्यवसायी, ईमानदार और परोपकारी महिला माना है।

मानवता की भलाई में योगदान भी मापदंड

इसी तरह यूएस ट्रेज़री सेक्रेटरी जेनेट ऐलेन ने अजय बंगा की इस पत्रिका की सूची के लिए सिफारिश करते हुए लिखा है कि वे एक बड़ी कंपनी का नेतृत्व करने के बाद विश्व बैंक में आये हैं और लाखों बैंक रहित लोगों को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। उन्होंने विश्व बैंक में गरीबी मुक्त दुनिया बनाने के लिए एक नया दृष्टिकोण रखा है और इसे पूरा करने के लिए लगातार आगे बढ़ रहे हैं। इस सूची का हिस्सा सत्या नडेला भी एक ऐसी भारतीय शख्सियत हैं, जिन्हें कम्यूनिकेशन के क्षेत्र में एआई क्रान्ति का जनक माना गया है। गौरतलब है कि टेक्नोलॉजिस्ट सत्या नडेला एआई को इंसानों को सशक्त बनाने के उपकरण के तौर पर देखते हैं, यह समूची मानवता के लिए उनका बहुत बड़ा योगदान है।

साक्षी का उल्लेख बतौर प्रतिरोध की योद्धा

टाइम की सालाना ताजा सूची का हिस्सा बनी साक्षी मलिक हाल के दिनों में अपनी एक पहलवान होने की पारंपरिक पहचान के अतिरिक्त प्रतिरोध के योद्धा के रूप में उभरकर सामने आयी हैं। उनके बारे में फिल्म निर्माता निशा पाहुजा ने लिखा है, 'वह भारत के सबसे प्रसिद्ध पहलवानों में से एक थीं, लेकिन एक अन्याय से मुकाबला करते हुए उन्होंने कुश्ती के खेल से संन्यास ले लिया।' मालूम हो कि साक्षी मलिक बृजभूषण शरण सिंह के एक करीबी व्यक्ति के डब्ल्यूएचआई अध्यक्ष बनने से खफा थीं और इसी वजह से उन्होंने कुश्ती खेल से संन्यास ले लिया। गौरतलब है कि पहलवान साक्षी मलिक ने बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण के आरोप लगाये थे। इस सूची का हिस्सा बने अभिनेता देव पटेल पहली बार लाइमलाइट में तब आये थे, जब स्लमडॉग मिलेनियर में उन्हें जमाल मलिक के रूप में दुनिया ने देखा था और उन्हें इसके लिए ऑस्कर पुरस्कार मिला था। उनके बारे में अभिनेता डेनियल कालूया ने लिखा है कि वे बड़े पर्दे पर अच्छाइयां बिखेरते हैं, जब वे स्क्रीन पर आते हैं तो मानवता चमकती है।

भारत के रुतबे व पेशेवरों की बढ़ी साख का सबूत

टाइम पत्रिका की प्रभावशाली लोगों की सालाना सूची में शामिल होना इसलिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इस सूची में शामिल होने के बाद आप न सिर्फ प्रत्यक्ष रूप से बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से भी अपने आसपास के लोगों के साथ साथ पूरी दुनिया के लोगों को प्रभावित करने की क्षमता पा लेते हैं। भारत में हमेशा से कुछ एक योग्य प्रभावशाली लोग होते रहे हैं। जैसे एक दौर में दुनिया की सबसे प्रभावशाली शख्सियत महात्मा गांधी थे, तो अपने-अपने समय पर जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, फिल्म अभिनेत्री नरसिग दत्त, निर्माता-निर्देशक राजकपूर, क्रिकेटर सुनील गावस्कर, बाद में सचिन तेंदुलकर और दर्जनों दूसरे लोग इस प्रभावशाली सूची का हिस्सा बनते रहे हैं। लेकिन अब के पहले इतने बड़े पैमाने पर एक साथ भारतीयों का नाम इस सूची में शामिल नहीं होता रहा जैसा कि पिछले एक-डेढ़ दशकों से हो रहा है। इससे साफ पता चलता है कि यह अलग-अलग क्षेत्रों में कुछ गिने-चुने भारतीयों की शानदार कामयाबी का नतीजा नहीं है बल्कि इसके पीछे भारत का दुनिया में बढ़ता रुतबा, भारतीय प्रोफेशनलों की मजबूत होती वैश्विक साख और दुनिया की गिरती जनसंख्या के बीच भविष्य में वर्कफोर्स समस्या का मजबूत विकल्प बनकर उभरे भारतीयों की ताकत है। भारत पर आज पूरी दुनिया की नजर है। आज दुनिया के हर क्षेत्र में अपनी कामयाबी का परचम लहरा रहे भारतीयों का हर कोई नोटिस ले रहा है और उन्हें प्रभावशाली मान रहा है। निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि यह आज के युवा भारत के चमकदार भविष्य की गारंटी है। -

## आज का पंचांग: 4 मई 2024, शनिवार

विक्रमी सम्वत 2081, शाका 1946, वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, वैशाख मास की प्रविष्टा 22, उत्तरायण, उत्तरगोल, ग्रीष्म ऋतु, तिथि एकादशी, नक्षत्र पूर्वाभाद्रपद, सूर्योदय 5:44 प्रातः, सूर्यास्त 7:05 सायं, राहुकाल प्रातः 9:00 से 10:30 तक कलः पंचक विचार, वरूथिनी एकादशी व्रत, श्रीवल्लभाचार्य जयन्ती

मेष :प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। प्रतिष्ठित लोगों के बीच आपकी पहचान बनेगी। व्यापार में धैर्य से काम लेने के कारण बड़ा लाभ मिल सकता है। बीमार लोगों के रोग मुक्ति की सम्भावना है। जॉब में मनोवाञ्छित उन्नति मिल सकती है।

वृषभः आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। प्रेम सम्बन्धों को लेकर असहजता दूर होगी। सन्तान के करियर की चिन्ता रहेगी। उच्च शिक्षा में अच्छी सम्भावना मिल सकती है। नये सम्बन्धों का भरपूर लाभ उठायेंगे। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर पायेंगे।

मिथुन : व्यवसाय में लाभ की स्थिति कमजोर हो सकती है। हृदय रोगियों को स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये। स्वच्छ और पौष्टिक भोजन का सेवन करें। आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार आयेगा। व्यर्थ के तनाव से स्वयं को दूर रखें। सरकारी कार्यों में अवरोध आयेगा।।

कर्क: अनावश्यक मामलों में पड़ने से आपका समय बर्बाद हो सकता है। कुछ लोग आपको लक्ष्यों से भटकाने का प्रयास कर सकते हैं। मनःस्थिति थोड़ी विचलित रहेगी। कफ की समस्या हो सकती है। दूर की यात्रा आज न करें तो हितकर होगा।

सिंह : समाज के लोगों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभाने के कारण आप के ऊपर लोग काफी विश्वास करेंगे। व्यावसायिक यात्रा हो सकती है। कोई भी कार्य करने से पहले उसकी योजना अवश्य बना लें। पार्टनरशिप वाले व्यवसाय में आपको लाभ होगा।

कन्या : सरकारी कार्यों में कुछ अवरोध आयेगा लेकिन उसे सम्भाल लेंगे। जीवनशैली में भोग-विलास की अधिकता रहेगी। आपके वाक चातुर्य से लोग प्रभावित होंगे लेकिन झूठ न बोलें। धार्मिक कार्यों में धन खर्च करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

तुला : अपने व्यक्तिगत जीवन में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। अपनी गुप्त बातें किसी से साझा न करें। भावुक होकर किसी पर भरोसा न करें। सन्तान के भविष्य को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। पहले लिये गये निर्णय आपको बदलने पड़ सकते।

वृश्चिक : व्यापार में नये समझौते करने पड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके मनोनुकूल कार्य नहीं होंगे। पूजा पाठ में मन नहीं लगेगा। बुरी संगत के कारण प्रतिष्ठा धूमिल हो सकती है। अस्थमा के रोगियों की समस्या बढ़ सकती है।

धनु : आज आप किसी कानूनी मामले को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। मित्रों के साथ पुरानी यादें ताजा करेंगे। ऑफिस के काम से आपको दूर जाना पड़ सकता है। आशा से अधिक अच्छा परिणाम प्राप्त होने से उत्साहित रहेंगे।

मकर : आज अपने महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सम्भालकर रखें। लोग आपसे ईर्ष्या की भावना रखेंगे। मन से कमजोरी न मानें। कुटुम्बजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। अनावश्यक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। प्रेम सम्बन्धों को लेकर परिवार में स्वीकृति बन सकती है।

कुम्भ कार्यक्षेत्र में जो रुकावटें आ रही थी वो दूर होंगी। आज गूढ़ विषयों का अध्ययन करेंगे। मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। अचानक धन लाभ प्राप्त हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव में वृद्धि होगी।

मीन ::परिवार और कामकाज में असन्तुलन जैसी स्थिति रहेगी। बिना पूछे किसी को सलाह न दें वरना अपयश झेलना पड़ सकता है। पार्टनर्स मौके पर आपको धोखा दे सकते हैं। किसी उलझे हुये मामले को लेकर तनावग्रस्त हो सकते हैं। स्त्रियों को यूरिन संक्रमण जैसी समस्या हो सकती है।

## कुंडली का दूसरा भाव यानी धन भाव

कुंडली का दूसरा भाव धन का भाव कहलाता है। कुंडली का दूसरा भाव और उसका अधिपति ग्रह जातक के धन संचय की ओर संकेत करता है। कुंडली का चौथा भाव सुखी जीवन के बारे में बताता है और पांचवा, छठा, सातवां, ग्यारहवां और बारहवां भाव धन से संबंधित होता है।

यदि कुंडली में दूसरे भाव में कोई शुभ ग्रह बैठा हो तो उस जातक को पैतृक संपत्ति से धन की प्राप्ति होती है।

दूसरा और ग्यारहवां भाव प्रबल हो तो वह जातक अपनी मेहनत से धन अर्जित करता है। उसे अपने बिजनेस में अच्छा पैसा कमाने का मौका मिलता है।

कुंडली में ग्यारहवें और बारहवें भाव के बीच अच्छा संबंध बन रहा हो तो उस जातक की आर्थिक स्थिति काफी बढ़िया रहती है।

पांचवे भाव में चंद्रमा बैठा हो तो उस जातक को सट्टे या लॉटरी जैसे मार्गों से अचानक धन की प्राप्ति होती है।

कारक ग्रह की दशा से गुजर रहे जातकों को भी कभी धन की कमी नहीं रहती।

यदि सातवें भाव में शुक्र बैठा हो तो वह व्यक्ति जीवन में एक बार करोड़पति बनने का सुख जरूर भोगता है।

चलिए अब जानते हैं धन प्राप्ति के अचूक टोटकों के बारे में -

लाल रंग के धागे में सातमुखी रुद्राक्ष को गले में धारण करने से धन प्राप्ति के योग बनते हैं।

सवा पांच किलो आटा और सवा पांच किलो गुड़ लेकर उसका मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण का आटा मांडकर रोटियां बनाएं। गुरुवार के दिन शाम के समय गाय को ये रोटियां खिलाएं। ये उपाय आपको तीन गुरुवार तक लगातार करना है। इस उपाय को करने से आपके घर में धन का आगमन होगा।

कमलगट्टे की माला पर धन की देवी मां लक्ष्मी की कृपा होती है। अतः ऋणमुक्ति या धन प्राप्ति के लिए कमलगट्टे की माला से रोज एक माला 'ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं ॐ महालक्ष्मयै नमः' मंत्र का जाप करें।

अगर आप पैसा कमाना चाहते हैं तो मां लक्ष्मी के चित्र के सामने 11 दिनों तक अखंड ज्योत जलाएं। 11वें दिन 11 कन्याओं को खीर पूरी का भोजन कराएं और एक सिक्का और मेहंदी भेंट में दें।

कौड़ियां, मां लक्ष्मी का प्रतीक मानी जाती हैं। 5 कौड़ियां लेकर इन्हें हल्दी के पानी में भिगोकर एक लाल कपड़े में बांध दें। अब इस लाल रंग की पोटली को अपनी तिजोरी या धन रखने के स्थान पर रखें। इस उपाय से आपको अवश्य ही धन लाभ होगा।

प्रत्येक शनिवार को पीपल के पेड़ पर जल चढ़ाएं और उसकी पूजा करें। इससे आपकी सुख-समृद्धि बढ़ेगी।

वास्तु के अनुसार घर के ईशान कोण को खाली रखना चाहिए। इस दिशा में एक जल से भरा पात्र रखें। समय-समय पर इस पात्र का जल बदलते रहें। इस उपाय से आपको धन लाभ होगा और बरकत रहेगी।

केसर से 5 लघु नारियल पर तिलक लगाएं। तिलक लगाते समय 27 बार 'ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं' मंत्र का जाप करें। इस उपाय से आपके ऊपर मां लक्ष्मी की कृपा होती है और आपका घर धन धान्य से भर जाता है।

धन लाभ की कामना रखते हैं तो स्वास्तिक का ये उपाय आपकी मनोकामना को पूरा कर सकता है। अपने घर की दहलीज पर दोनों तरफ स्वास्तिक बनाएं। इसके ऊपर चावल की ढेरी लगाएं और उस पर चलावा बांधी एक-एक सुपारी रखें।

यदि आप आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं तो शनिवार के दिन सुबह स्नान के बाद पीपल के एक पत्ते पर सफेद चंदन से गायत्री मंत्र लिखें। अब इस पत्ते को अपने घर में धन रखने के स्थान या तिजोरी में रखें। ध्यान रहे यह पत्ता किसी अन्य या बाहर के किसी व्यक्ति को दिखाई नहीं देना चाहिए। हर शनिवार को पीपल के पत्ते का ये उपाय दोहराते रहें।

अगर आप अपना अटका हुआ पैसा वापिस पाना चाहते हैं तो प्रातःकाल स्नान के पश्चात एक लोटे में स्वच्छ जल भरें और उसमें 5 गुलाब के फूल डालें। अब इस जल से सूर्य देव को अर्घ्य दें और सूर्य देव से अपनी समस्या के निवारण की कामना करें। शुक्ल पक्ष के किसी भी सोमवार को इस उपाय को शुरू कर 21 दिनों तक लगातार करें।

लोहे के बर्तन में पानी, शक्कर, घी और दूध भरें। पीपल के पेड़ के नीचे खड़े होकर पेड़ की जड़ में इस पानी को चढ़ाएं। ये उपाय धन से संबंधित सभी परेशानियों को खत्म करेगा।

अगर आपको बार-बार पैसों का नुकसान हो रहा है तो परिवार के सदस्यों के सिर से सात बार काले तिल उतार कर उत्तर दिशा में फेंक दें। इससे धन की हानि होना बंद हो जाएगा।

आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं तो कुत्ते को दूध पिलाएं और अपने घर में सोने का चौरस सिक्का रखें। धीरे-धीरे आपकी आर्थिक तंगी में सुधार आने लगेगा।

अगर आप अपने व्यापार में बहुत पैसा कमाने चाहते हैं तो धन की देवी मां लक्ष्मी के चित्र के आगे नौ बत्तियों वाला घी का दीया जलाएं। इस उपाय को करने से आय के नए स्रोत भी बनेंगे और व्यवसाय में बढ़ोत्तरी हो।







## शनि देव कितने ही हों नाराज नहीं देते हैं बुरे फल

शनि देव की क्रूर दृष्टि से बचने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ करना अचूक उपाय है. अगर आपकी कुंडली में ढैय्या या साढ़े साती चल रही है या फिर आप शनि के प्रकोप से पीड़ित हैं, तो हनुमान चालीसा का पाठ जरूर करें. श्री हनुमान चालीसा का पाठ शनि के सभी कष्टों से मुक्ति दिलाता है.

शनि मंत्र का जाप ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः। उपरोक्त मंत्र शनि बीज मंत्र है शनि देव की क्रूर दृष्टि से बचने के लिए और उनका आशीर्वाद पाने के लिए इस मंत्र का जाप करना चाहिए.

ॐ शं शनैश्चराये नमः। शनि ग्रह को प्रसन्न करने के लिए इस मंत्र का जाप भी कर सकते हैं.

शनि देव को तिल, तेल और छायापात्र दान अत्यन्त प्रिय हैं. माना जाता है कि इन चीजों का दान करने से शनि ग्रह शांत होता है और शनिदेव की कृपा प्राप्त होती है. शास्त्रों के अनुसार इनका दान करने से शनि देव द्वारा दिए गए कष्ट दूर होते हैं. छायापात्र दान करने की एक अन्य विधि है. मिट्टी के किसी बर्तन में सरसों का तेल लें और उसमें अपनी परछाई देखकर उसे दान कर दें. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सात मुखी रुद्राक्ष शनि ग्रह का प्रतिनिधित्व करता है. रुद्राक्ष धारण करने से शनि देव का आशीर्वाद प्राप्त होता है और शनि ग्रह से संबंधित दोष दूर होता है. इस रुद्राक्ष को सोमवार या शनिवार के दिन गंगा जल से धोकर धारण करने से शनि के कष्टों से राहत मिलती है.

## सैफई में प्राथमिक स्कूलों के बच्चों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली




चेतन जैन
सैफई /इटावा

मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम के निर्देशानुसार 50त्न से कम मतदान वाले गांव में विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश पर बेसिक स्कूलों में बच्चों की बाल संसद एवं उनकी टोलियां द्वारा गांव के लोगों से लगातार संपर्क कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक किया गया। इसी क्रम में ग्राम शिवपुरी टिमरूआ में खंड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा द्वारा बच्चों की रैली निकाली गई और लोगों को मतदान की तिथि से अवगत कराते हुए मतदाता जागरूक स्टीकर बांटे गए । बच्चों की रैली के साथ ग्राम की गलियों में स्वयं भ्रमण किया गया और साथ में विद्यालयों के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र शाक्य ,( श्रीमती कौशल्या देवी बालिका इंटर कॉलेज) रमन शाक्य (श्रीमती कौशल्या देवी पूर्व माध्यमिक विद्यालय) वसीम अख्तर (कंपोजिट विद्यालय शिवपुरी टिमरुआ) प्रद्युमन एनपीआरसी परासना सर्वेश कुमार पांडे एसआरबी पब्लिक स्कूल आदि उपस्थित रहे।

## ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड इटावा यूनिट की तरफ से मुस्लिम लड़कियों का होगा तीसरा शादी सम्मेलन



चेतन जैन

इटावा। 5 मई दिन रविवार को स्थानीय कटरा शमशेर खां स्थित राधे-राधे गार्डन नई बस्ती जिन्नातों वाली मस्जिद के पास होने वाले इस तीसरे सामूहिक शादी सम्मेलन में 12 मुस्लिम लड़कियों का निकाह कराएगी, यह तीसरा शादी सम्मेलन का कार्यक्रम ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड इटावा यूनिट के तत्वाधान में संपन्न होगा। इस शादी सम्मेलन की सदारत एवं सरपरस्ती हुजूर हजरत अशरफ मिल्लत अल्लामा मौलाना सैय्यद अशरफ मियां साहब किबला अशरफी उल जिलानी कछोछवी शरीफ करवाएंगे। इस शादी समारोह की जानकारी ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड इटावा यूनिट के जिला अध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने अपने कार्यालय कसाब खाना पचराहा स्थित पर जानकारी दी । जिला अध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने कहा कि हमारी इटावा यूनिट टीम आगे भी हिंदू मुस्लिम एवं सभी धर्म की बेटियों की शादी कराएगी ,उन्होंने कहा कि हमारे पास या हमारी टीम के पास चाहे वह किसी भी धर्म से हो जो अपनी बेटी की शादी करने में सक्षम नहीं है उन बेटियों की शादी हमारी टीम करवाएगी। ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड इटावा यूनिट के जिला अध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने कहा कि हम नौजवानों का यह तीसरा धार्मिक सामूहिक शादी सम्मेलन है जबकि इससे पहले हमारे जिला संगठन ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड यूनिट इटावा की तरफ से पिछली साल 11 मुस्लिम लड़कियों की शादी और उससे पहले 7 मुस्लिम लड़कियों का निकाह करा चुकी है ।उन्होंने कहा हमारी टीम जनपद इटावा में लावारिस मिट्टी चाहे वह किसी भी धर्म और मजहब की हो उनको कफन दफन का इंतजाम भी उनके धर्म और मजहब के अनुसार करने में अपना सहयोग प्रदान करती रही है ।और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि पिछली बार हम लोगों ने 11 मुस्लिम बेटियों की शादी करने का इंतजाम किया था लेकिन इस बार हमारी यूनिट 12 मुस्लिम लड़कियों की शादी संपन्न कराएगी। हाजी शेख शकील अहमद ने सभी लोगों से गुजारिश करते हुए कहा कि 5 मई को होने वाले कार्यक्रम में आप सभी पधारकर वर वधु को आशीर्वाद और दुआ से नवाजे ।इस दौरान उपस्थित रहे मौलाना वाजिद अशरफी हाजी आफताब,मुमताज अहमद ,मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम , नगर अध्यक्ष मोहम्मद अनश कैफ, असलम भाई , रियाज़ अब्बासी,तहसीन आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## मैनपुरी में अखिलेश यादव बोले-वैक्सीन लगवाकर हमारी आपकी जान को खतरा पैदा कर दिया



गुलजार अहमद

मैनपुरी। मैनपुरी में लोकसभा चुनाव की तीसरे चरण के मतदान से पहले अखिलेश यादव ने मैनपुरी में जनसभा को संबोधित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि जहां तेज धूप है, तो हवाएं राहत दे रही हैं। तीसरे चरण में जो चुनाव होने जा रहा है, वो बरेली से होकर मैनपुरी तक की है। इस चरण में भाजपा का पूरा का पूरा सफाया होने जा रहा है। ये बीजेपी के जो बड़े-बड़े नेता मैनपुरी आ रहे, वो केवल औपचारिकता कर रहे हैं। ये मैनपुरी देखने आ रहे हैं। चुनाव परिणाम जब आएगा तो वो जीत का नहीं बल्कि रिकॉर्ड मतों से जीत वाला होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी के लोगों ने वैक्सीन लगवाकर हमारी आपकी जान का खतरा पैदा कर दिया। हमने वैक्सीन नहीं लगवाई। सभी की जान खतरे में हैं ।वही अखिलेश यादव ने कहा की बीजेपी वालों ने भी वैक्सीन का डोज लिया है। डिंपल यादव ने कहा कि देश की दिशा को बदलने वाला चुनाव है। जो हालत आज पूरे देश में हैं। हम सब जानते हैं। दबाव की राजनीति हो रही है, जो हमारे लोकतंत्र पर खतरा मंड़राने वाली राजनीति है। हम सभी जानते हैं कि आज देश-प्रदेश में सभी वर्ग अपने आप को आहत महसूस कर रहे हैं। क्योंकि महंगाई लगातार बढ़ रही है। युवाओं के पास रोजगार नहीं है। अग्निवीर जैसी योजना लाकर भाजपा ने पूरे देश का सम्मान गिराने का काम किया है। इस परिवर्तन की लड़ाई में सपा को आप सभी का साथ है। यदि केन्द्र से भाजपा सरकार जाती है, तो प्रदेश से भी जा सकती है। लड़ाई इस बात की नहीं कि कौन जीत रहा है, लड़ाई इस बात की है कि कितने ज्यादा वोटों से जीत रहे हैं। वही अखिलेश यादव बोले की किसानो की आय दोगुनी करूंगा लेकिन आय आधी कर दी।

## कंचन कान्वेंट स्कूल की ओर से निकल गई मतदाता जागरूकता रैली




लोक जन सन्देश।

कैसरगंज, बहराइच, बच्चे भारती, ज़की सिद्दीकी। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को कंचन कान्वेंट स्कूल की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली को विद्यालय के प्रबंधक एम श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।इस रैली में जूनियर कक्षाओं के बच्चों ने प्रतिभाग किया ।यह रैली विद्यालय परिसर से निकलकर विद्यालय के निकट की गलियों में भ्रमण किया तथा पहले मतदान फिर जलपान तभी बनेगा देश महान के नारे भी लगाये। विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर इंजीनियर अगम स्वरूप श्रीवास्तव ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विद्यालय की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं विद्यालय के वाहनों पर मतदाता जागरूकता अभियान के पोस्टर लगाए गए हैं तथा अभिभावकों को भी बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में हम सभी को अपना योगदान देना चाहिए जिससे लोकतंत्र और मजबूत हो सके। इस मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एसके सिंह, मोहम्मद माजिद, प्रदीप श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक विजय मिश्रा, उमाशंकर यादव, मोहम्मद नसीब, अबरार अहमद, राजेश मिश्रा,सहित समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

## भोगांव छाछा हाइवे तिराहे पर ट्रक से टकराई स्कूल बस, एक दर्जन बच्चे घायल, मचा कोहराम



गुलजार अहमद

भोगांव/मैनपुरी। भोगांव छाछा हाइवे तिराहे पर सुबह लगभग 6ः40 बजे बाला जी ग्लोबल एकेडमी स्कूल की 11नंबर बस अलीपुर खेड़ा की ओर से बच्चो को लेकर स्कूल जा रही थी। जैसे ही हाइवे पर पहुंची पीछे से आ रहे कंटेनर संख्या आर जे 14 जी जी 4602 ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बस में पीछे बैठे चार बच्चे घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बस में लगभग 50 बच्चे बैठे हुए थे। घटना के बाद हड़कंप मचा गया। सूचना पाकर पहुंची पीआरवी 0684, 0699,0692 तत्काल मौके पर पहुंची। वहीं घटना की सूचना पाकर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कश्मीर सिंह, ग्राम प्रधान पूरन चंद्र शास्त्री, ष्य भोगांव सुनील कुमार, इंस्पेकर भोगांव गगन कुमार, भोगांव कस्बा इंचार्ज विकास भारती, आलीपुर खेड़ा चौकी प्रभारी अभिमन्यु सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल घायल बच्चो को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। स्कूल बस के एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही बच्चो के अभिभावक घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। वहीं सूचना पाकर विद्यालय के प्रबंधक सुरेश चंद्र दुबे घटना स्थल पर पहुंचे। जब मीडिया कर्मियों ने उनसे जानकारी जुटाना चाही तो वह कैमरे से बचने लगे जिसके बाद एक अभिभावक ने उन्हें रोकना चाहा तो प्रबंधक ने अभिभावक से थप्पड़ मारने की बात कह डाली। जिसके बाद वहां मौजूद अभिभावक उग्र हो गए। मौके पर मौजूद सीओ भोगांव सुनील कुमार सिंह ने स्थिति को जैसे तैसे संभाला। अभिभावकों को उग्र होता देख स्कूल प्रबंधक मौके से भाग खड़े हुए जिनका वाहन मौजूद भीड़ ने भागते हुए वीडियो भी रिकार्ड किया। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल में बसे काम हैं, बच्चो को भूसे की तरह भरकर ले जाया जाता है। चालक जल्दबाजी से बस को चलाता है। ताकि दूसरी जगह से जाकर बच्चो का लाया जा सके। जिसके चलते ये घटना घटी है। बताया जा रहा है कि कंटेनर चालक की गलती नहीं है वह तो हाइवे पर अपनी रफ्तार से जा रहा था। लेकिन स्कूल बस चालक ने हाइवे पर बच्चे बैठाने के बाद अचानक बस को मोड़ दिया जिससे पीछे से आ रहा कंटेनर स्कूल बस से टकरा गया।

## शकील मियां बने भिनगा प्राइवेट बस आपरेटर यूनियन के कार्यवाहक अध्यक्ष



लोक जन संदेश।

बहराइच, बच्चे भारती, ज़की सिद्दीकी। मो0 दरगाह शरीफ स्थित भिनगा मार्ग प्राइवेट बस आपरेटर यूनियन ने वर्तमान यूनियन का कार्यकाल समाप्त हो जाने पर सामान्य लोकसभा चुनाव के कारण लागू आचार संहिता को देखते हुवे बस ऑपरेटर्स की समस्याओं के समाधान व समय से दरगाह की भूमि का किराया जमा करने तथा यूनियन की सहयोग राशि चन्दा आदि को जमा करने के लिये यूनियन के सदस्य और बस नम्बर यू पी 15 बी टी 3467 के प्रोपराइटर दरगाह शरीफ निवासी शकील अहमद को सर्व सम्मति से कार्यवाहक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। प्राइवेट बस आपरेटर्स यूनियन कार्यालय भिनगा बस स्टैण्ड पर आयोजित वाहन स्वामियों की बैठक के दौरान यह निर्णय लिया कि अभी यूनियन का चुनाव ना होने की स्तिथि में भिनगा मार्ग प्राइवेट बस यूनियन के पदाधिकारी नई कार्यकारिणी के गठन होने तक कार्यवाहक अध्यक्ष शकील अहमद के साथ ताल मेल बनाय रखते हुवे अपनी जिम्मेदारियों को निभाते रहेंगे। बैठक के दौरान बस आप्रेटरों ने कहा कि बसों के संचालन हेतु किराया पर ली गई दरगाह शरीफ की भूमि का जो भी किराया बाकी है उसकी व्यवस्था कार्यवाहक अध्यक्ष यूनियन से जुड़े बस आप्रेटरों से प्रति दिन चन्दा की वसूली कर उसको दरगाह शरीफ कार्यालय में समय से जमा कराने की कोशिश करें जिससे यूनियन दरगाह की कर्जदार ना रहे। वाहन स्वामियों ने चिलचिलाती धूप के कारण पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुवे यात्रियों की सुविधा हेतु कार्यवाहक अध्यक्ष से परिसर में एक हैंडपम्प भी लगवाने की अपेक्षा की कि वह दरगाह शरीफ प्रबन्ध समिति अध्यक्ष से वार्ता कर व्यवस्था करें। बैठक में वाहन स्वामी मो0 अय्यूब, संजीव कुमार, विजय, आदिल, मो0 नईम, छोटकऊ, मो0 फैय्याज, मुन्ना, जावेद, पप्पू, मामा, सोनू, गुड्डू चौधरी, हनीफ समेत दर्जनों की संख्या में वाहन स्वामी उपस्थित थे।

## देश का 9 करोड़ व्यापारी परिवार मोदी के साथ:आनन्द अग्रवाल



लोक जन संदेश।

बहराइच, बच्चे भारती, ज़की सिद्दीकी। भाजपा के वरिष्ठ नेता व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनन्द अग्रवाल ने कहा कि देश के 09 करोड़ व्यापारी और उनसे जुड़े परिवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़े हैं वैश्य समाज का एक एक वोट भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन सुनिश्चित करेगा कि भाजपा इस बार चार सौ पार हो और एक बार फिर देश में मोदी की अगुवाई वाली सरकार बने। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनन्द अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के व्यापारियों को भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में एक जुट करने के लिये सम्मेलनों का सिलसिला जारी है मेरठ, मुजफ्फरनगर, आगरा, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाजहाँपुर और सीतापुर के भ्रमण के बाद अगला सम्मेलन बहराइच के थोक कपड़ा अतिथि भवन में आयोजित किया गया है जिसमें संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुवे कहा कि सरकार ने व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए जीएसटी में छूट की सीमा को 20 लाख से बढ़ाकर 40 लाख रुपये कर दिया। इससे व्यापारियों को काफी सुविधा हो गई है। लघु और मध्यम व्यापारी इसी श्रेणी में आते हैं, जिससे उन्हें छूट का लाभ मिल रहा है।

शहर के छावनी रोड़ पर स्तिथ कान्हा में उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष अतीश केडिया के मनोनयन अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि देश की प्रत्येक सीट पर भाजपा को जीत दिलाने के लिए हम अपने अपने स्तर पर जुट गए हैं ।मोदी सरकार की गारंटी को घर घर तक पहुचाएंगे। श्री अग्रवाल का कहना रहा कि व्यापारियो ने पीएम मोदी द्वारा किए जा रहे ऐतिहासिक विकास कार्यों का समर्थन किया है और आगे भी करता रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व्यापारियों के हित में लगातार ऐसे प्रयास कर रही है, जिससे व्यापारियों को राहत मिल सकी है। सरकार के इस फैसले से हर वर्ग का व्यापारी समाज खुश हैं। उन्होंने कहा कि हो रहे इस लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में 80 की 80 लोकसभा सीटें जीतेगी और गठबन्धन का सूपड़ा साफ हो जाएगा और मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। गरीब सवर्णों को मिले आरक्षण की चर्चा करते हुए अतीश केडिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश अग्रवाल के निर्देश पर आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने उन्हें संगठन का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। हमारी सरकार ने सामान्य वर्ग के गरीबों हेतु आजादी के बाद 70 सालों में किसी सरकार ने भी इस संबंध में सोंचा नहीं था और मोदी सरकार ने उसे साकार करके दिखाया है ।यही कारण है कि व्यापारी सहित सभी वर्गों के लोग सरकार से खुश हैं तथा 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाएंगे। इस दौरान प्रदेश मंत्री विमल डालमियां,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुड्डू सिंह चौहान,अतीश केडिया, विमल डालमियां, सनत पाठक शरद जैन, ज्योति मातनहेलिया, महेश पारीक, बुद्धेश गोयल अमित गुप्ता, मनोज गुप्ता सहित जिले के प्रतिष्ठित व्यापारियों का बड़ा तबका मौजूद रहा।

## खेत से भूसा लेने जा रहे युवक पर तेंदुओं ने किया हमला संघर्ष कर बचाई जान



लोक जन संदेश।

बहराइच, रियाज़ अहमद, ज़की सिद्दीकी। मुर्तिहा रेंज अंतर्गत सेमरीघटही गांव निवासी दयाशंकर पुत्र फकीरे उम्र 35 वर्ष गांव से कुछ दूरी पर खेत जा रहा था, तभी घात लगाए दो तेंदुओं ने उस पर अचानक हमला कर दिया। संघर्ष करते हुए युवक ने चिल्लाना शुरू किया फिर पास में खेत में काम कर रही महिलाओं ने हांका लगाते हुए युवक को बचाने का प्रयास किया हांका लगाने लगीं, भीड़ देख युवक को घायल अवस्था में छोड़कर तेंदुए जंगल की तरफ भाग निकले घटना की सूचना मुर्तिहा रेंज कार्यालय को दी गई। सूचना पर पहुंचे वन कर्मी घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर लेकर आए। जहां पर घायल युवक का उपचार चल रहा है।

## जिलाधिकारी की पहल से वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिये घर घर बांटा जा रहा है निमन्त्रण



लोक जन संदेश।

पयागपुर बहराइच, बच्चे भारती, ज़की सिद्दीकी। जिलाधिकारी की नई पहल से मतदाता बड़े उत्सुक नजर आ रहे हैं बहराइच व कैसरगंज लोकसभा निर्वाचन 13 में व 20 में को होना है जिसके लिए घर-घर निमंत्रण पत्र बाटा जा रहा है और मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है इसी क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों की ड्यूटी लगाई गई है पयागपुर के प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पाण्डेय शिक्षिका विजयलक्ष्मी सिंह ऊषा पाठक शिक्षामित्र हनुमान प्रसाद यादव ने घर-घर जाकर के आमंत्रण पत्र बाटा और वोट डालने के लिए लोगों को जागरूक किया ग्राम वासियों व महिलाओं को बताया कि मतदान एक महापर्व है मजबूत लोकतंत्र की है पहचान महिलाओं का हो मतदान इसमें सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए जिससे एक लोकतंत्र का निर्माण हो सके।

## बोलेरो-बाइक की आमने सामने की टक्कर

बांदा-बोलेरो-बाइक की आमने सामन टक्कर हो गयी। इसे दो सगे भाई सहित तीन की मौत हो गयी। तीनो बाइक सवार कमासिन क्षेत्र के मुसीवां से जा रहे थे। कामासिन थाना पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर फोर्स पहुंच गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये मेडिकल कालेज भेज दिया है।

## पिपरगवां गोशाला का निरीक्षण, बीमार गोवंशों की हुयी चिकित्सा




बांदा- मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. एके बैस ने बताया कि विकास खण्ड तिंदवारी में संचालित गौ आश्रय स्थल पिपरगवां की व्यवस्थाओं को चेक करने के संबंध में वेटनरी फार्मासिस्ट के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान एवं वेटनरी फार्मासिस्ट ने गौ आश्रय स्थल में कमजोर गौवंशों की चिकित्सा की। ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि अत्यधिक गर्मी होने के कारण केयर टेकरों द्वारा गौवंशों को चराने के लिए ले जाते हैं। शाम को गौशाला में रखा जाता हैं। उन्होंने बताया कि गौवंशों की अधिक उम्र होने के कारण स्वाभाविक मृत्यु हुई है। मृत दो गौवंशों का सम्मान पूर्वक निस्तारण कराया गया है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने वेटनरी फर्मासिस्ट जगदीश प्रसाद को गौ आश्रय स्थल पिपरगवां के सभी गौवंशों की चिकित्सीय जांच नियमित रूप से किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने ग्राम प्रधान एवं केयर टेकरों को गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल व भूसा, चारे की भी पर्याप्त व्यवस्था रखने एवं व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिये हैं। केयर टेकरों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम में गौवशों की ठीक से देखभाल रखी जाए।

## बैठे हुए हैं कीमती सोफों पे भेड़िए. जंगल के लोग शहर में आबाद हो गए :बृजभूषण सिंह परिहार



मोहन कुमार ब्यूरो
लोकजन संदेश

कानपुर देहात 21वीं शताब्दी में भी भारत के चुनावों में वर्तमान समय की चुनौतियां सिरे से गायब है , आय की असमानता का बड़ा मुद्दा , जो लोकतंत्र का प्राण है , प्रदूषित पर्यावरण , घटता जल स्तर , एवं सरकारी स्कूलों की दोयम दर्जा की शिक्षा व्यवस्था भी अगर चुनावी घोषणा पत्रों में अपना स्थान नहीं बना पाई हैं , एवं आम जनमानस में इन समस्याओं और निराकरण के संबंध में लेश मात्र भी चर्चा नहीं है , तो इससे यही प्रतीत होता है कि 21वीं सदी भारत के लिए धोखा है , और बुद्धिजीवियों के गाल पर गहरा तमाचा भी है । भौतिकता की चकाचौंध और अंधी प्रतियोगिता में देश का युवा वर्ग पूरी तरीके से फंस गया है , प्रदूषण की वजह से प्रत्येक वर्ष लाखों लोगों की मृत्यु भी राजनीति को नहीं झकझोर पाई है एवं आगामी 20 वर्षों के भीतर पानी की त्राहि त्राहि से यह देश दम तोड़ने को बाध्य होगा । बिजली के वैकल्पिक ऊर्जा के प्रयोगों एवं वृक्षारोपण के संबंध में किसी भी चैनल्स में लेश मात्र भी बहस की गुंजाइश नहीं है , वृक्षारोपण इस देश की महती आवश्यकता ही नहीं बल्कि प्राण तंत्र बन चुकी है । वृक्षों के फल फूलों से वन्य जीव , गगन के पंछी एवं मानव जीवन सभी के जीवित रहने की आधारशिला है , ऑक्सीजन, पानी की प्रचुरता , फलों के माध्यम से खेती का दबाव कम एवं अन्योन्याश्रित जीव श्रृंखला भी कायम रहेगी । एक वृक्ष के ऊपर किया गया खर्च अपने से 1000 गुना ज्यादा रिटर्न देता है , वृक्षों के ऊपर किए गए खर्च से प्राप्त उत्पादन से ज्यादा कोई भी इंडस्ट्रीज फायदेमंद नहीं है । लोगों की सेहत, रोजगार , वर्तमान समय की प्रचंड गर्मी से प्राप्त छाया एवं बढ़ते तापमान को कम करने की क्षमता ही आगामी वर्षों में मानव जीवन को जीडीएच (सकल घरेलू प्रसन्नता) के माध्यम से बीमार धरती को स्वस्थ करने से बड़ा कोई निवेश और उद्देश्य नहीं है । ऐसे महत्वपूर्ण और ज्वलंत मुद्दों की जगह चैनलों के माध्यम से लोकसभा क्षेत्र के विश्लेषण जाति और धर्म के पैमाने से हो रहे हैं । राजनीतिक जागृति सुप्त अवस्था में है , ब्यूरोक्रेसी स्वयं को सरकार के आज्ञाकारी समूह के रूप में विकसित कर रही है , तथाकथित जिम्मेदार लोग धन संचय और वृक्षों के रूप में फोटो सेशन्स से ही अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेते हैं । आम नागरिकों के चिंतन को किसी भी चुनावी मेनिफेस्टो में शामिल नहीं किया जाता , गैर जिम्मेदारी से रेवड़ी बांटने की प्रक्रिया को ही चुनावी घोषणा पत्र कहा जाता है । जब आने वाले समय में मानव समाज ही नहीं बचेगा , बांध बनाने से पहले ही नदी सूख जाएगी , कृषि क्षेत्र जवाब दे देगा तो फिर आपका धर्म और संस्कृति आपको कहां लेकर जाएगी । आने वाली पीढ़ियां आपकी बुद्धि और कौशल का मजाक बनाकर गलियां देंगी ।नारे कुछ भी कहें , निष्ठा किसी भी दल पर हो , राजनीतिक पद्म पुरस्कारों की घोषणा से महिमा मंडन किसी का हो , पर भारत की तस्वीर नहीं बदलने वाली । जब तक समाज में स्वप्नदर्शी नेताओं का उदय नहीं होगा , आम जनता में राष्ट्रभक्ति का प्रादुर्भाव नहीं होगा एवं जब तक मनुष्य अपने को धरती का ट्रस्टी नहीं समझेगा , जब तक समवेत स्वर से एक आवाज नहीं निकलेगी , जब तक पूंजीवादी संस्कृति में जिम्मेदारी का विकास नहीं होगा , तब तक ऐसा सड़ा गला नेतृत्व भारत को मिलता रहेगा और विश्व गुरु का ख्वाब अधूरा ही बना रहेगा ।

## प्रेक्षक ने निर्वाचन क्षेत्र का किया निरीक्षण



निर्वाचन आयोग द्वारा 48-बांदा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक वी0कलाइराशि, आई0ए0एस0 ने कलेक्ट्रेट में स्थापित नामांकन स्थल, नामांकक्ष में नामांकन से संबंधित प्रक्रिया एवं व्यवस्था, डिस्ट्रिक कन्ट्रोल सेन्टर, सी-विजल एवं शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेन्टर तथा मीडिया सर्टिफिक्रेशन एण्ड मॉनीटरिंग कमेटी सेल का निरीक्षण किया। उन्होंने डिस्ट्रिक कन्ट्रोल सेन्टर सी-विजल एवं शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेन्टर में निर्वाचन से सम्बन्धित प्राप्त हो रही शिकायतों के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शिकायतों के प्रतिदिन निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सी-विजल ऐप के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों की प्रक्रिया एवं निस्तारण करने तथा एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में भी जानकारी ली। निस्तारण अभिलेखों को भी चेक किया। इसके उपरान्त उन्होंने मीडिया सर्टिफिक्रेशन एण्ड मॉनीटरिंग कमेटी सेल द्वारा किये जा रहे कार्यों मॉनीटरिंग के बारे में नोडल अधिकारी एमसीएमसी से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के समय जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन से सम्बन्धित नामांकन कार्यों एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, कोषाधिकारी, नोडल अधिकारी एमसीएमसी व सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चोरी के माल सहित दो गिरफ्तार

बांदा-पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना नरैनी पुलिस द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। नरैनी कस्बे के सुभाष नगर में भोला प्रसाद के मकान में अज्ञात चोरों द्वारा 19/20 अप्रैल की रात्रि को चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नरैनी पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। थाना नरैनी पुलिस द्वारा चोरी की घटना में शामिल अभिषेक पुत्र रमेश कुशवाहा निवासी रामलीला मैदान अलीगंज थाना कोतवाली नगर, मनीष कुमार उर्फहिमांचल पुत्र रामकिशोर निवासी बिजली खेड़ा थाना कोतवाली नगर की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों को थाना नरैनी क्षेत्र के ग्राम नौहाई से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के सामान 2 अदद् अंगूठी पीली धातु, 1 अदद् चेन पीली धातु, 1970 रुपये नगद बरामद हुए है।

## हत्यारोपी की जमानत अर्जी खारिज



बांदा-ढाई महीने पूर्व पारिवारिक रंजिश के चलते पांच वर्षीय बालक की हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश चंद्रपाल द्वितीय की अदालत ने खारिज कर दी।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार तिवारी व सहायक शासकीय अधिवक्ता श्रवण कुमार तिवारी ने बताया कि मटौंध थाना व कस्बा निवासी मोहल्ला बैबे थोक निवासी हर्षित शुक्ला ने एफआइआर दर्ज कराया कि 10 फरवरी 2024 को समय करीब रात्रि 8 बजे अपने भाई पांच वर्षीय शंभू शुक्ला पुत्र धर्मेंद्र शुक्ला के साथ लोकेंद्र सिंह के यहां तिलक में गए थे। दौरान तिलक कार्यक्रम में आए और गांव के ही प्रत्यूष शुक्ला पुत्र मातादीन शुक्ला आए और अवैध तमंचा 315 बोर से एक फायर हवा में लहराते हुए किया। पारिवारिक रंजिश को लेकर पास में बैठे शंभू शुक्ला को गोली मार दी। वह उसके गले में लग गयी और इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गए दौरान इलाज मौत हो गयी। इस मामले में हर्षित शुक्ला के अधिवक्ता ने प्रथम जमानत अर्जी डाली थी जो 16 अप्रैल 2024 को बल न देने के कारण खारिज कर दी गयी। पुन:दोबारा जमानत अर्जी दी गयी। जिसे न्यायाधीश ने 3 मई को खारिज कर दी।

## गुंडा एक्ट की कार्यवाही करते हुए तीन को किया जिला बदर



बांदा- पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस द्वारा लगातार ऐसे अराजक तत्वों पर कार्यवाही की जा रही है जो लोकसभा चुनाव को प्रतिकूल तरीके से प्रभावित कर सकते है। इसी क्रम में 3 अभियुक्तों को गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 6 माह के लिये जिला बदर घोषित कराया गया। भूरु तिवारी पुत्र बग्गड़ उर्फरमाशंकर तिवारी निवासी गिरवां थाना गिरवां, संत कुमार उर्फ संतु पुत्र रामदीन निवासी भरखरी थाना कोतवाली नगर, रोमन उर्फरोमा वर्मा पुत्र रुपनारायण निवासी धौसड़ थाना तिन्दवारी लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है। थाना गिरवां, थाना कोतवाली नगर, तिंदवारी पर अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त किसी न किसी माध्यम से लोकसभा चुनाव को प्रतिकूल तरीके से प्रभावित कर सकते थे। पुलिस द्वारा अभियुक्तों पर कार्यवाही करते हुए न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा गुण्डा अधिनियम 1970 के तहत गुण्डा घोषित कराते हुये 6 माह के लिये जिला बदर कराया गया।

## अंतिम रिपोर्ट खारिज कर कोर्ट ने दिया पुनर विवेचना का आदेश



मोहन कुमार ब्यूरो
लोकजन संदेश

कानपुर देहात,पत्रकार विशाल सिंह गौतम जो अनुसूचित जाति के हैं,के द्वारा पुलिस क्षेत्राधिकारी शिव ठाकुर व अन्य के खिलाफ थाना रसूलाबाद में कायम कराए गए मुकदमें में विवेचक द्वारा दाखिल अंतिम आख्या को विशेष न्यायाधीश एस सी एस टी एक्ट अपर जिला एवम सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 2 रजत सिन्हा ने निरस्त कर थानाध्यक्ष रसूलाबाद को आदेशित किया है कि मामले में नियमानुसार विवेचक नियुक्त कर आगे की विवेचना सुनिश्चित करते हुए 15 दिन के अन्दर विवेचना के परिणाम से न्यायालय को अवगत कराने का आदेश पारित किया है ।यह जानकारी वादी विशाल गौतम की तरफ से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने दी। अधिवक्ता जितेन्द्र चौहान ने बताया की वादी विशाल गौतम ने उनके माध्यम से न्यायालय में धारा 156(3) दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत इन आरोपों के साथ शिव ठाकुर तत्कालीन रसूलाबाद डाश स्वप्निल सिंह व 5,6 अन्य के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने का प्रार्थना पत्र दिया था कि घटना की दिनांक को एस एस जी हेल्थ केयर रसूलाबाद के बाहर हो हल्ला होते देख दैनिक भास्कर का रिपोर्ट होने के नाते समाचार संकलन की नियत से वीडियो बनाने लगा तो डाश स्वप्निल सिंह ने साथी कर्मचारियों के साथ मिल धक्का मुक्की व मारपीट करते हुए जाति सूचक गालियां देते उसका मोबाइल और जेब में पड़े रुपए छीन लिए थाने रिपोर्ट लिखाने गया तो थानाध्यक्ष नहीं मिले आने पर पुन: थाने में रिपोर्ट लिखाने का प्रयास किया तो थानाध्यक्ष शिव ठाकुर ने भी उसके साथ उसके अनुसूचित जाति की सूचक गाली देते झूठा मुकदमा कायम करने की धमकी दी और बाद में झूठा मुकदमा लिखा दिया ।तथा उसका मोबाइल और रुपया गायब कर दिया ।जितेंद्र चौहान ने बताया कि मामले में न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ धारा 395/506भारतीय दण्ड संहिता व एस सी एस टी एक्ट की गम्भीर धाराओं में थाना रसूलाबाद में मुकदमा पंजीकृत हुआ था जिसमे विवेचक ने विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य होने के बावजूद अन्तिम आख्या प्रेषित की थी जिसमे वादी ने उनके माध्यम से प्रोटेस्ट पिटिशन दाखिल की थी जिसे न्यायालय ने स्वीकृत कर अग्रिम विवेचना का आदेश पारित किया है।

## बेखौफ फर्राटा भर रहे ओवरलोड डग्गामार वाहन



लोक जन संदेश।

बाबागंज बहराइच,रियाज़ अहमद, ज़की सिद्दीकी। संभागीय परिवहन विभाग की शिथिलता के कारण डग्गामार ओवरलोड वाहनों की बाढ़ आ गई है। ऐसे वाहन लोगों की जान का खतरा बने हैं, वहीं रोजाना लाखों रुपये राजस्व की क्षति पहुंचा रहे हैं। आरटीओ की ओर से सिर्फ लक्ष्य पाने तक खानापूर्ति की जाती है। जिले की लगभग सभी सड़कों पर डग्गामार वाहनों का कब्जा है। जो कि बेखौफ ओवरलोड सवारियां भरकर फर्राटे भरते हैं। इन वाहन चालकों को आरटीओ और पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। यही वजह है कि शहर व कस्बों में पुलिस थाना या चौकी के सामने होकर दौड़ रहीं वाहनों पर कोई लगाम नही लग पा रहा है। ऐसे वाहनों पर आरटीओ की निगाह भी नहीं जाती है। संभागीय परिवहन विभाग की ओर से इन डग्गामार वाहनों पर कोई शिकंजा नही कसा जा रहा है ।जिससे ये अपने मनमाफिक चलने के लिए आजाद हैं। जिसमें प्राइवेट बसें, मैजिक, ई-रिक्शा सभी समाहित हैं। नुक्कड़ चौराहों पर डग्गामार वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है। ग्रामीण रूटों के हालात और बदतर हैं। रुपईडीहा-बाबागंज-नानपारा, चरदा-जमोग-मल्हीपुर आदि मार्गों की स्थिति यह है कि ज्यादातर डग्गामार वाहनों के गेट पर सवारियां लटक कर जाती हैं। ऐसे में इन वाहनों के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## अकबरपुर कोतवाल ने मुठभेड़ में दबोचा दो इनामियां गौ तस्कर

### 15 दिन पहले बंद कंटेनर में बरामद हुए 32 गोवंश जिसमें दम घुटने से 22 की हो गई थी मौत





मोहन कुमार ब्यूरो
लोकजन संदेश

कानपुर देहात अकबरपुर पुलिस ने 25000 के इनामियां अपराधी व उसके साथी को धर दबोचा पुलिस मुठभेड़ में देर रात 1 अपराधी के पैर में गोली लगने की सूचना है। पकड़ा गया अपराधी मोहम्मद मोनिश निवासी मुरादाबाद के खिलाफ एक दर्जन से ज्यादा मुकदमे विभिन्न जनपदों में दर्ज बताए गए वहीं दूसरा अपराधी महेंद्र बंजारा भी राजस्थान के बूंदी का रहने वाला है। पुलिस ने उनके पास से आर0जे0 नंबर की बाइक और तमंचा आदि भी बरामद किए गए हैं। क्षेत्राधिकार अकबरपुर तनु उपाध्याय के निर्देशन में बीती रात अकबरपुर पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए मोहम्मद मोनिश के खिलाफ विभिन्न थानों में 15 मुकदमे दर्ज हैं तेजतर्रार अपराधियों पर कहर बनकर टूटने वाले अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने बताया कि जैनपुर चौकी प्रभारी रामकिशुन वर्मा कस्बा चौकी प्रभारी विकल्प चतुर्वेदी बारा चौकी प्रभारी भाग मल की टीम ने साहित्यिक मुटभेढ के बाद 25000 के इनामी शातिर अपराधी मोहम्मद मोनिस निवासी मुरादाबाद और उसके साथी महेंद्र बंजारा बूंदी राजस्थान को पकड़ा गया है पुलिस मुठभेड़ कस्बा के बाहर आलम चंद्रपुर जाने वाली नहर पुलिया के पास हुई। पुलिस टीम ने अपना बचाव करते हुए घेराबंदी कर दो अभियुक्तों को पकड़ लिया। जिसमें मोहम्मद मोनिश के पैर में गोली लगी पकड़े गए बदमाशों के पास से तमंचे मोबाइल एक बाइक तीन खोखे एक कारतूस एटीएम आधार कार्ड 277 00 बरामद किए गए। करीब 15 दिन पहले उक्त लोगों ने एक कंटेनर में बंद गौवंशों की तस्करी की थी। जिसमें कुल 32 गोवंशों में 22 की दम घुटने से मृत्यु हो गई थी। जिसका मुकदमा अकबरपुर कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 179/24 गोबद अधिनियम व 11 घर पशु क्रूरता अधिनियम में वांछित चल रहे थे उस समय उक्त दोनों अपराधी मौके से फरार हो गए थे अकबरपुर पुलिस द्वारा साहसिक मुठभेड़ और अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक बीबी जीटीएस मूर्ति, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडे ने टीम को शाबाशी दी है।

घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गिरफ्तार सुधा अभियुक्त गणों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## पुलिस कार्यशैली से छुब्द दलित किशोरी का पीड़ित परिवार, धरने पर बैठा

लोक जन संदेश।

बहराइच, रियाज़ अहमद, ज़की सिद्दीकी। हरदी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित किशोरी के साथ चोरी से दूसरे समुदाय के लड़के से शादी का प्रकरण अब तूल पकड़ता जा रहा है। उक्त मामले में एसपी के निर्देश पर पांच लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हुआ था, तथा एसपी ने गांव का मुआयना भी किया था ।एसपी के निरीक्षण के बाद पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन अभी तक तीन लोग गिरफ्तार नहीं किए गए हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि अन्य लोगों का नाम विचेचना से निकालने की तैयारी है।

# जींद पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने गांव करसोला में लगाया नशा मुक्ति कैंप ,0ड्रग मुक्ति कैंप में 29 नशा पीड़ितों ने करवाया रजिस्ट्रेशन, जिन का उपचार शुरू किया गया

(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)

थाना प्रभारी जुलाना नवीन मोर व गांव के प्रबुद्ध लोगों ने प्रार्थना सभा से किया ड्रग मुक्ति शिविर का शुभारंभ किया। हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, डॉ एम. रवि किरण व पुलिस अधीक्षक जींद सुमित कुमार द्वार जींद को ड्रग मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे व्यापक अभियान के तहत उनकी ड्रग मुक्ति टीम ने गांव करसोला में नशा मुक्ति कैंप का शुभारंभ किया। कैंप का शुभारंभ गांव के प्रबुद्ध लोगों के साथ-साथ थाना प्रभारी जुलाना श्री नवीन मोर सहित ग्राम पंचायत व नशा मुक्ति टीम ने प्रार्थना सभा



से शुरुआत की ।सभी ग्रामीणों ने एडीजीपी हिसार मंडल द्वारा समाज भलाई के लिए किये जा रहे उत्तम कार्यो के लिए आभार व्यक्त किया । शिविर में गांव करसोला से 29 नशा पीड़ितो ने अपनी स्वेच्छा से शिविर मे भाग लिया व नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। नशा मुक्ति टीम प्रभारी उप निरीक्षक नरेश ने बतलाया की टीम ने गांव करसोला में डोर टू डोर सर्वे कर अब तक 15 लोगों की पहचान की है जो ड्रग की लत से प्रभावित है, जिनमें से 10 ड्रग्स पीड़ितों और 19 व्यक्ति जो अत्यधिक शराब का सेवन करते हैं कुल 29 युवाओं ने अपना उपचार शुरू करवाया ।उन्होंने बतलाया एडीजीपी हिसार मंडल ने ड्रग प्रभावित गांवों मे सुधार के लिए, नशे की लत में पड़े युवाओं का उपचार कर उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने के लिए 1 दिवसीय नशा मुक्ति शिविर लगाने की अनुमति एवं निर्देश प्राप्त हुये है। सभी संबंधित विभागों व ग्राम पंचायत के सहयोग से नशा मुक्ति शिविर को सफल बनाया जायेगा ।नशा मुक्ति कैंप में आयुर्वेदिक डॉक्टर यशपाल व फार्मासिस्ट जगमेन्द्र ने नशा पीड़ित मरीजों की काउंसलिंग व उपचार शुरू किया। युवाओं को नशे की लत से उभारनें के लिए उनकी काउंसलिंग एवं उपचार कर उन्हें मुख्य धारा में जोड़ना हमारी प्राथमिकता रही ।उन्होंने बतलाया कि जुलाना के आस-पास के नशा प्रभावित गांवों मे भी नशा मुक्ति शिविर लगा नशा पीड़ितों को नशे की लत से छुटकारा दिलाया जाएगा व शीघ्र क्षेत्र को नशा मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा। सभी ग्रामीणों व गणमान्य लोगों ने श्री शत्रुजीत कपूर, डीजीपी हरियाणा, हिसार मंडल के एडीजीपी डॉक्टर एम रवि किरण, एवं पुलिस अधीक्षक जीन्द श्री सुमित कुमार का इस दिशा में किये जा रहे हैं उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा की पुलिस विभाग के प्रयासों के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। मौके पर मौजूद रहे सरपंच श्री महेंद्र सिंह, अजीत लाठर चंद्रशेखर युवा क्लब , मोनू नेहरू युवा क्लब,सोमप्रकाश शर्मा, सोनू , रामरती व सोनिया ।

# सीआईए स्टाफ नरवाना की टीम द्वारा नरवाना में नशा तस्करों पर बड़ी कारवाई अनाज मंडी नरवाना से 400 ग्राम चरस सहित 2 तस्कर काबू




जिला की सीआईए स्टाफ नरवाना पुलिस ने पुलिस अधीक्षक जींद सुमित कुमार के कुशल नेतृत्व में व डी एस पी नरवाना आमित कुमार के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत नरवाना सीआईए इंचार्ज सुखदेव सिंह की टीम ने बड़ी कारवाई करते हुए अनाज मंडी नरवाना से 2 नशा तस्करों को 400 ग्राम चरस सहित काबू करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पकडे गए नशा तस्करों की पहचान गुरुदेव व आदित्य वासियान इंदिरा कॉलोनी नरवाना जिला जींद के रूप में हुई है। सीआईए नरवाना की एक टीम एएसआई रमेश कुमार के नेतृत्व में बराय गस्त पड़ताल अपराध नजदीक रेलवे स्टेशन नरवाना मौजूद थे कि सीआईए टीम को खुफिया सूचना मिली कि अनाज मंडी नरवाना में दो नशा तस्कर पर मोटरसाइकिल पर चरस बेचने लिए आने वाले हैं । सीआईए टीम ने खुफिया सूचना बारे तुरंत उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया और मुखबिर की बताई जगह पर ट्रैप लगाया थोड़ी देर बाद एक काले रंग की मोटरसाइकिल नंबर ।क्र32रु7394 पर 2 व्यक्ति फायर ब्रिगेड के दफ्तर के पास दिखाई दिए । सीआईए टीम ने एकदम रेड की तो दोनों तस्करों ने पुलिस की सरकारी गाड़ी को देखकर मौका से भागने की कोशिश की लेकिन सीआईए टीम ने तत्परता से कारवाई करते हुए दोनों आरोपीयों को काबू कर लिया और राजपत्रित अधिकारी श्री ताराचन्द Exicse and Taxation Officer (श्वञ्जह्र) नरवाना को बुलाकर उनकी हाजिरी में आरोपीयों की तलाशी ली तो आरोपीयों के पास लिए हुए पॉलिथीन लिफाफा से 400 ग्राम चरस बरामद हुई । जिस पर आरोपीयों के खिलाफ मुकदमा नंबर 116 दिनांक 02/5/2024 धारा 20/ 61/85 ह्रष्ठक्क्र एक्ट थाना शहर नरवाना दर्ज करके आगामी कारवाई अमल में लाई जा रही है ।

# मारपीट करके बंदी बनाकर बलात्कार के झूठे केस फसाने वाले गिरोह का एक ओर सदस्य पुलिस ने किया काबू

(सुमित गर्ग/जींद)

जींद पुलिस ने मारपीट करके बंधी बनाकर बलात्कार के झूठे केस फसाने वाले गिरोह का एक सदस्य को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कृष्ण कुमार वासी बुटाना थाना बड़ौदा के रुप में हुई है। जनकारी देते पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21 अक्टूबर 2024 को कर्मबीर वासी सेक्टर 6 ने थाना सिविल लाईन जींद में एक शिकायत दी कि वह घर पर अकेला रहता । दिनांक 12.10.2020 को इसके पास एक महिला का फोन आया। जिसने घरेलू काम रोटी सब्जी वा साफ सफाई के काम के लिए काम मागा । मैनें जिसके लिए हां कर दी। उस औरत ने दौबारा से फोन पर बात की और कहा कि मैं जीन्द सफीदों गेट पट्रोल पम्प के पास हूँ, मुझे घर का नही पता मुझे ले जाओ। जिस पर वह उस औरत को अपने मकान पर ले आया । उसने अपना नाम मौसम घरवाले का नाम मुकेश वासी आंवली बतलाया । उसने घर पर साफ सफाई की और कहा कि अब तो मैं लेट हो चुकी हूँ और अब मेरे घर का कोई साधन नहीं है। मुझे रात को यही रहने दो । जो रात को उसके घर पर ही रह गई। दिनाक 13.10.2020 को सुबह 4 बजे जब वह उसे छोड़ने के लिए जा रहा था। तो सोमनाथ मन्दिर के पास दो मोटर साईकिलों पर तीन आदमी और औरत जो पहले से ही साजिश में शामिल थे, उसे रास्ते में मिले और उसे रूकवा लिया । उन्होने जबरदस्ती उससे धक्का मुक्की वा गाली गलोच करने लगे और कहने लगे कि ऐसे ही थोडी तुझे छोड देगें। तेरे खिलाफ बलात्कार का मुकदमा दर्ज करवाएगें और तेरी ईज्जत तार - तार कर देगें । और समझोता की ऐवज में मेरे से 20 लाख रूपये मांगने लगे । उक्त पांचो व्यक्ति मुझे लेकर मेरे मकान में ले आए । मेरे घर पर आकर मेरे साथ बदस्लूकी की और मेरे कपडे फाड दिए और मुझे नंगा करके मेरी विडियों बना ली व बंधक बना लिया और कहने लगे कि पैसे देगा के नहीं । इस प्रकार डरा धमकाकर उससे 2 लाख रुपए ले गए। जिस पर थाना सिविल लाईन जींद में मामला अंकित किया गया ।पुलिस ने इस मामले में अभी तक चार आरोपियों को गिरफतार कर लिया था पांचवे आरोपी कृष्ण भी पुलिस ने गोहाना से गिरफतार कर लिया है। इस मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी अभी बकाया है जिन्हे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# मोदी कांग्रेस द्वारा 55 साल से बोए गए, कांटे हटा रहे - पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल



(लोकजन संदेश/सोनीपत)

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि यह चुनाव दो उम्मीदवारों को नहीं बल्कि दो नेताओं के बीच है,एक तरफ नरेंद्र मोदी और दूसरी तरफ राहुल गांधी। मोदी ने 10 साल में काम किए हैं,जबकि कांग्रेस ने अपने 55 से 60 साल के शासनकाल में केवल कांटे बोने का काम किया है। मनोहर लाल शुक्रवार को सोनीपत में भाजपा उम्मीदवार मोहनलाल बडोली के नामांकन अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार,रामचंद्र जांगड़ा, कार्तिकेय शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स,विधायक निर्मल चौधरी, पूर्व मंत्री बच्चन सिंह आर्य, कविता जैन,कृष्णा गहलावत, पूर्व विधायक कलीराम पटवारी, उमेश शर्मा, ललित बत्रा, धर्मपाल मलिक, उमेश शर्मा, जवाहर सैनी, जगबीर, ओम प्रकाश शास्त्री, बबीता दहिया, वीरेंद्र शांडिल्य, देवेंद्र कौशिक भी मौजूद थे ।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने पिछले 55 से 60 साल के अपने शासनकाल में केवल कांटे बोने का काम किया है। इनमें धारा 370, नक्सलवाद व आंतकवाद आदि शामिल हैं। उन्होंने कांग्रेस को टुकड़े-टुकड़े गैंग की संज्ञा देते हुए कहा कि कांग्रेस के राज में बिहार से लेकर केरल तक एक गलियारा बन गया था जो भारत से अलग होने की बात करता था। इसी प्रकार पूर्वोत्तर के राज्य खुद को भारत का हिस्सा नहीं मानते थे। लेकिन नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आकर कांग्रेस के बोए हुए कांटों को काटने का काम किया। आज कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत एक है। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक किस्से का जिक्र करते हुए कहा कि एक पत्रकार जब मतदान केंद्र के बाहर अपना सर्वे कर रहा था तो कांग्रेस के लोगों ने कहा कि यह आचार संहिता का उल्लंघन है। मतदाता ने कहा कि वह जवाब भी देगा और आचार संहिता का उल्लंघन भी नहीं करेगा। तब मतदाता ने कहा कि उसने अपना वोट देशभक्ति और राष्ट्रभक्त को देने का काम किया है। इस पर कांग्रेसी बोला कि इसका मतलब तुमने अपना वोट नरेंद्र मोदी को दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा की देशभक्त होने राष्ट्रभक्त होने पर हमें गर्व है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश पर कभी राज नहीं किया। देश पर नेहरू परिवार ने राज किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भी यह मान लिया है कि उनका राज आने वाला नहीं है, इसलिए वह चाहे कोई भी वायदा कर ले उसका कोई फर्क नहीं पड़ेगा। इसी बात को ध्यान में रखकर वह महिलाओं को एक-एक लाख रुपए देने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस 1970 से इसी नारे के सहारे सत्ता में आती रही है लेकिन नरेंद्र मोदी ने गरीबी को हटाने की दिशा में काम किया है और 25 करोड लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकले हैं। संगठनत्मक अंदाज में बोलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कि इस लोकसभा चुनाव पांडवों और कौरवों के बीच की लड़ाई जैसा है। जैसा कांग्रेस का चरित्र है वह कौरवों के जैसे हैं। भाजपा पांडव है। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में देश भर में कांटा बोया था जिसे देश के प्रतापी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने दस सालों के शासन काल में चुनने का कार्य किया। कश्मीर से 370 का कांटा हटा दिया। अब कोई कश्मीर की तरफ आंख उठाकर देखेगा तो उसकी आंखें निकाल ली जायेगी। देश को खंडित करने की बात करने वाले नक्सलियों पर लगाम कस दिया। नक्सलावादी अब देश का कानून मानने को विवश हो रहे हैं। कांग्रेस के शासन काल में नार्थ-ईस्ट के राज्य जल रहे थे। इन राज्यों में गो बैक इंडिया का नारा लगता था। लेकिन मोदी ने इन राज्यों में राष्ट्रवाद का प्रसार किया। अब इन राज्यों में वी आर इंडियन का नारा गुंजायमान होता है। जबकि ये सारे काटें देश भर में कांग्रेस की ओर से बोया गया था।

# बिना मान्यता स्कूलों की भरमार, जिम्मेदार बनें अनजान



कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सुलतानपुर।

विज्ञप्ति

[illegible]

(दीपिका चतुर्वेदी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सुलतानपुर

[illegible]

11. गार्ड फाइल।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सुलतानपुर।

दैनिक लोकजन संदेश

सुल्तानपुर बल्दीराय तहसील क्षेत्र में बिना मान्यता प्राप्त विद्यालय का संचालन धडाले से चल रहा है जिम्मेदार अधिकारी मौन बने हैं।

बल्दीराय तहसील क्षेत्र के अरवल बाजार, सैनी , अलिया बाद,बहुरावा, बघौना ,वलीपुर, हलियापुर में बिना मान्यता प्राप्त विद्यालय इंटरमीडिएट तक संचालित हो रहे हैं ।जिसमें महंगी फीस लेकर बच्चों के भविष्य को गर्त में धकेलने का काम कर रहे हैं ।शिक्षा के क्षेत्र में समाज सेवा कम व्यवसाय अधिक के रूप में विद्यालय संचालन का प्रचलन है जिसके तहत क्षेत्र में कई ऐसे विद्यालय संचालित हो रहे हैं जो बिना मान्यता प्राप्त है कुछ ऐसे विद्यालय हैं जिनका मानता निम्न कक्षाओं का है और इंटरमीडिएट तक विद्यालय का संचालन बखूबी किया जा रहा है । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी के द्वारा पत्रांक -920-30/2024 आदेश जारी करते हुए कहा गया है कि अभिभावक स्वयं ध्यान दें कि बिना मान्यता प्राप्त विद्यालय में अपने बच्चों का नामांकन न कराए। परिषदीय विद्यालय व मान्यता प्राप्त विद्यालय में ही अपने बच्चों का नामांकन करने का प्रयास करें। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि जल्द ही प्रशासनिक टीम का गठन कर आमान विद्यालयों को चिन्हित करते हुए तत्काल प्रभाव से बंद कराकर मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा । अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय की मान्यता को देखकर ही नए शैक्षिक सत्र में करायेंगे ।विना मान्यता प्राप्त विद्यालय की जांचोपरांत कठोर कार्यवाही करने की बात कही है। अवैध विद्यालय संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। पत्र जारी करते हुए कहा गया है कि अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालय में नए शैक्षिक सत्र के लिए प्रवेश कराए जिससे बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

# कांग्रेस कमेटी के महासचिव ने घोषणा पत्र वितरण किया



दैनिक लोकजन संदेश

जयसिंहपुर / सुल्तानपुर गोसाईगंज जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुनील शर्मा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र का वितरण किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा झूठा वादा करती है कांग्रेस जो घोषणा पत्र में वादा करती है उसे पूरा करती है जहां-जहां कांग्रेस सरकार है घोषणा पत्र में जो वादा किया गया था सब पूरा किया जा रहा है इस घोषणा पत्र में किसान बेरोजगार नौजवान महिला सभी का ध्यान दिया गया है इसे हम लोगों को हर घर तक पहुंचाना है इस मौके पर युवक कांग्रेस महासचिव दीदार मेहंदी वकार अहमद कायम मेहंदी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# इनेलो करती थी गुंडागर्दी, कांग्रेस करती थी प्रॉपर्टी डीलिंग और बीजेपी करती है विकास : महिपाल ढांडा

(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)

हरियाणा के पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि इनेलो का काम गुंडागर्दी करना था और कांग्रेस के राज में प्रॉपर्टी डीलिंग का धंधा होता था लेकिन भाजपा कहती थी कि पार्टी विद ए डिफरेंट। भाजपा ने इसे साबित किया है। भाजपा के राज्य में विकास के कार्य पूरी गति से हो रहे हैं और इसीलिए आज पूरा देश अबकी बार 400 पार का नारा लगा रहा है। उन्होंने विरोधी दलों को की नियत पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि यह जाति-पाति की बात करते हैं और लोगों को बांटने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि जादूगर आएंगे और वह लोगों को अपने झांसे में लेने का काम करेंगे लेकिन लोगों को उनके बहकावे में नहीं आना है। यह चुनाव देश के निर्माण और देश को विश्व गुरु बनाने का चुनाव है।

# 10 लोकसभा सीट एक बार फिर बीजेपी जीतेगी : मोहनलाल बडोली

(लोकजन संदेश/सोनीपत)

राई से विधायक एवं सोनीपत लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार मोहनलाल बडोली ने दावा किया कि हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर कमल का फूल खिलने जा रहा है। उन्होंने लोगों से वोट की अपील करते हुए कहा कि लोगों को भाजपा के विकास कार्यों पर इतना विश्वास है कि वह अब किसी के बहकावे में आने वाले नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह सभी जगह नहीं जा सकते हैं। समय काम है और इलाका बड़ा। लेकिन आप सभी को मोहनलाल बडोली बनकर हर घर तक पहुंचना है और लोगों से वोट की अपील करनी है।

# चौटाला परिवार की वरिष्ठ नेत्री बबीता दहिया भाजपा में शामिल

(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)

जेजेपी छोड़कर वरिष्ठ नेत्री बबीता दहिया भाजपा में शामिल हो गई। उनके साथ सैकड़ों की संख्या में और कार्यकर्ता भी शामिल हुई हैं। बबीता पिछले 25 सालों से चौटाला परिवार के साथ काम कर रही थी। उन्होंने कहा कि पार्टी जो भी उनकी जिम्मेवारी लगाएगी वह उसे पूरा करने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा और पूरे देश में नरेंद्र मोदी और मनोहर लाल की जोड़ी ने खूब काम किया है और अब नायब सैनी हरियाणा में विकास की नई गाथा लिखने का काम करेंगे। इस अवसर पर पूर्व एसडीएम वीरेंद्र सांगवान ने भी भाजपा जॉइन करवाई है ।

# रोडवेज परिसर में लगा नेत्र शिविर, वरिष्ठ नेत्र सर्जन डां.सुनील पटेल ने किया कर्मचारियों के आंखो की जांच



दैनिक लोकजन संदेश

सुल्तानपुर परिवहन निगम के चालक परिचालकों के लिए रोडवेज परिसर में नेत्र परिक्षण शिविर आयोजित करके आंखो की जांच-पड़ताल की गई, वरिष्ठ नेत्र सर्जन डां.सुनील पटेल, डां.अमित उपाध्याय, वरिष्ठ नेत्र परिक्षण अधिकारी जयभीम द्वारा दर्जनो चालक,परिचालक व कार्यालय स्टाफ के आंखो की जांच व परामर्श दिया गया,शिविर का उद्धाटन एआरएम नागेंद्र पांडेय ने किया,उन्होंने कर्मचारियों से कहाकि आंखो की रोशनी बहुत अनमोल है,इसमें। लापरवाही ठीक नही,परिवहन निगम द्वारा शिविर आयोजित किया गया है,इसका लाभ अवश्य उठाए, मौके पर इंचार्ज एनआर सरोज,परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय सिंह सहित तमाम कर्मियों ने अपनी जांच कराई, डां.सुनील पटेल ने कहाकि परिवहन कर्मियों की नियमित आंखो की जांच-पड़ताल होने से उनकी आंखो की रोशनी का पता चलता है,जिसके आधार पर उन्हें सक्षम व अक्षम का प्रमाण दिया जा सकता है।

# डंपर से कुचल कर बाइक सवार की दर्दनाक मौत, एक घायल

लोक जन संदेश।

बाबागंज बहराइच, रियाज़ अहमद, ज़की सिद्दीकी। रुपईडीहा कोतवाली के बाबागंज पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुर्गापुर मोड़ समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर वृहस्पतिवार को देर शाम बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने कुचल दिया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सवार साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। नानपारा कोतवाली क्षेत्र के मिरियासी टोला निवासी फिरोज पुत्र आरिफ (28) वर्ष वृहस्पतिवार को बाइक से देर शाम साथी जफर (32) के साथ रुपईडीहा से वापस घर नानपारा जा रहे थे, कि थाना क्षेत्र रुपईडीहा के दुर्गापुर गांव के पास पहुंचे। तभी अनियंत्रित ट्रक डम्पर सँ. यूपी 25 बीटी 9669 ने पीछे से रौंद दिया। जिससे फिरोज की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं हादसे में दूर गिरकर साथी जफर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं जफर का इलाज चल रहा है। घटना इतनी भीषण थी कि मृतक हुये फिरोज की अंतड़ियां पेट से बाहर आ गयीं। हादसे के बाद डम्पर चालक व खलासी मौके से फरार हो गया।

खबर का असर...

# रेलवे बोर्ड टीम के कानपुर सेंट्रल पहुँचने पर मचा हड़कंप, की जांच

**- रेलवे के भ्रष्टाचार से डायरेक्टर बेखबर, बोले जांच आई तो कार्रवाई होगी- दलालों ने सेंट्रल की बुनियाद तक जमाई जड़े , जारी है वसूली- शिकायतकर्ता ने गृह मंत्रालय से लेकर उच्च अधिकारियों से की थी शिकायत**

कानपुर। कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन में हो रहे भ्रष्टाचार के उजागर होने के बाद शुक्रवार को दिल्ली रेलवे बोर्ड टीम के अधिकारियों ने कानपुर सेंट्रल पहुँच कर जांच की। इस दौरान पूरे सेंट्रल में हड़कंप मचा रहा। बता दें कि आपके अपने अखबार %दैनिक लोक जनसंदेश% के संवाददाता ने रेलवे सेंट्रल स्टेशन के मुखिया यानि डायरेक्टर आशुतोष सिंह से इस संबंध में बात की तो उन्होंने पहले तो इस मामले में पल्ला झाड़ने की कोशिश की, बाद में संवादाता के पूछने पर उन्होंने इस बात को माना कि यदि भ्रष्टाचार हुआ है तो जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी। साथ ही इस मामले में और सुधार होने की बात कही है। आपको बता दें कि पिछले प्रकाशन में रेलवे में हो रहे भ्रष्टाचार को उजागर किया गया था। जिसमें प्लेटफार्म के परिवर्तन होने से लेकर खाने पीने के मामले में खराब गुणवत्ता तक के मामले को उजागर किया गया था। इसमें कारखास की भूमिका मुख्य है। प्राइवेट कर्मचारियों से बने अफसरों के कारखास आगे आकर वसूलीबाज़ी का खेल कर रहे हैं। यह खेल इस तरह जारी है कि ट्रेन का प्लेटफार्म तय होने से लेकर रेलवे में अधिक संख्या में यात्रियों की आवाजाही पर रेट तय किया जाता है। जैसे कि प्लेटफार्म पर कौन सी ट्रेन का आना और जाना है। इस पर पहले से तय कर दिया जाता है। आपको बता दें कि अक्सर अपने सुना होगा कि तकनीकी कारण के चलते ट्रेन के प्लेटफार्म में परिवर्तन किया गया है। जोकि ज्यादातर इसके पीछे बड़ा खेल छिपा होता है। सब ही मामले पहले से ही तय कर दिये जाते हैं। रेलवे स्टेशन अधीक्षक अनिल तिवारी के नाक के नीचे भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। सूत्रों की माने तो रेलवे स्टेशन में ये चर्चा आम है कि साहब को आए हुए एक साल के ऊपर हो गया है। जहां पहले कम




भ्रष्टाचार था वहीं अब और अधिक हो गया है। ऐसा इसलिए कि अफसरों के कारखास बने साहू नाम के कर्मचारी ने कार्रवाई के नाम का डर दिखा कर अधिक वसूलीबाज़ी कर दी थी। मामले ज्यादा बढ़ा तो उच्च अधिकारियों ने इसका संज्ञान लिया, जिस पर साहू नाम के कर्मचारी पर कार्रवाई करते हुए उसका ट्रांसफर अनवरगंज रेलवे स्टेशन कर दिया गया।

**मामले को संज्ञान में लेकर जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी। यदि इस प्रकार कुछ हो रहा है तो उसपर सख्त एक्शन लिया जाएगा।**
**आशुतोष सिंह**
**( डायरेक्टर कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन )**



## मतदाता जागरुकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन




कानपुर नगर, ध्वनि फाउंडेशन के तत्वाधान में 13 मई को होने वाले लोक सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मतदाता जागरूकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन संजय वन पार्क,किदवई नगर में किया गया।इस मौके पर संस्था के सदस्य ऋषि आर्य ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में यह देखने में आया है कि कानपुर नगर में मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा है। उन्होंने बताया कि इसका प्रमुख कारण मतदाताओं में उदासीनता एवं छुट्टी का दिन है। बहुत से मतदाता अपने मत की कीमत नहीं समझते और बहुत से मतदाता छुट्टी का दिन अथवा प्रचंड गर्मी का बहाना बनाकर मतदान केंद्रों में नहीं जाते हैं जिस कारण से मतदान का प्रतिशत कम हो जाता है।ध्वनि फाउंडेशन द्वारा आज संजय वन पार्क के विभिन्न जगहों पर स्टिकर,पर्चे एवं मौखिक अपील के द्वारा आम जनमानस को जागरूक किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में मतदान के दिन मतदाता अपने घर से निकले और राष्ट्र हित में मतदान अवश्य करें। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष एड0समीर शुक्ला,अतुल शुक्ला,वैभव अग्रवाल,एड0नीलेश तिवारी,अजय शर्मा,पवन श्रीवास्तव,दीपक राजपूत,अंकुर शर्मा, निर्माण प्रजापति अजीत चंदेल आदि उपस्थित रहे।

## प्रेमिका के कमरे में बेहोशी की हालत में मिला प्रेमी,हालत गंभीर

**परिजनों ने कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर जहरीला पदार्थ पिलाने का लगाया आरोप- युवती से मिलने पहुंचा था प्रेमी**



बिधनू - सेन पश्चिम पारा में शुक्रवार को किराए के मकान में रहने वाली प्रेमिका ने अपने शादीशुदा पति को बुलाकर अपने साथी संग कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया।मामले की जानकारी होने पर मकान मालिक ने जब कमरे के अंदर देखा तो युवक बेहोशी की हालत में जमीन पर पड़ा मिला। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बेहोशी की हालत में जमीन पर पड़े युवक को एंबुलेंस की सहायता से बिधनू सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को हैलट रिफर कर दिया परंतु परिजन उसे निजी अस्पताल में ले गए हैं। कृष्ण विहार गल्ला मंडी निवासी विवेक त्रिवेदी अपनी पत्नी रोशनी के साथ रहते हैं। पत्नी रोशनी ने बताया कि उनकी कथित प्रेमिका सृष्टि पाल तीन वर्ष पहले उन्हीं के घर में किराए पर रहती थी। इसी बीच उसने पति विवेक को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया जब उन्हें इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने अपने ससुर शीतला शंकर से कह कर उसे हटवा दिया था।इसी बीच सृष्टि सरदार पटेल स्कूल के पास किराए के मकान में रहने लगी थी।वहीं पत्नी रोशनी ने सृष्टि व उसके साथी के ऊपर कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिलाने का आरोप लगाया है। मकान मालिक के दरवाजा खुलवाने पर उन्होंने देखा कि विवेक के गले में साड़ी का फंदा लगा हुआ था और कमरे में सृष्टि के साथ उसका साथी भी मौजूद था।इसी बीच मौका पाकर साथी फरार हो गया। सृष्टि ने बताया कि विवेक उससे मिलने आया था और दोनों में किसी बात को लेकर झड़प हो गई इसी बीच उसने साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था।थाना प्रभारी सेन पश्चिम पारा राकेश कुमार सिंह ने बताया की युवक और युवती चार वर्ष से रिलेशनशिप में हैं।युवक मिलने के लिए कमरे में गया था।इसी बीच आपस में बाद विवाद हो गया था।परिजनों से तहरीर मिलने के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

**बेंगलुरु में बार डांसर का काम करती है युवती**

विवेक की पत्नी रोशनी ने बताया की सृष्टि बेंगलुरु में बार डांसर का काम करती है। चाल चलन ठीक न होने के कारण परिवार वाले उससे कोई मतलब नही रखते हैं। उसने पति विवेक को अपने प्रेम जाल में फंसा कर ब्लैकमेल भी किया करती थी। जिससे विवेक परेशान रहता था सृष्टि के मकान मालिक ने बताया कि वह अभी 15 दिन पहले ही रहने के लिए आई है।



जीनियस प्रेस एसोसिएशन उ प्र के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों व्दारा विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पत्रकारिता जगत से जुड़े हुए सभी साथियों को बहुत बहुत बधाई व शुभकामनाएं, गिरीश कुमार खरे, प्रदेश अध्यक्ष जीनियस प्रेस एसोसिएशन उ प्र एवं राष्ट्रीय संयुक्त सचिव आइना

## विकलांग एसोसिएशन ने आयोजित किया विवाह पंजीकरण शिविर



कानपुर कानपुर, विकलांग एसोसिएशन ने दिव्यांग व्यक्तियों का विवाह पंजीकरण शिविर शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया में आयोजित किया। जिसमें 19 दिव्यांग व्यक्तियों ने अपना आवेदन किया।

एसोसिएशन ने घर बसाओ-पुण्य कमाओ कन्यादान योजना में शामिल होने के लिये लोगों से अपील किया। सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले व्यक्तियों को सरकार की विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ विकलांग एसोसिएशन दिलायेगी। जिसके तहत शारीरिक रूप से स्वस्थ लड़के विकलांग लड़की से विवाह करेंगें तो उन्हें पुरस्कार के रूप में 20 हजार, शारीरिक रूप से स्वस्थ लड़की विकलांग लड़के से विवाह करेंगी तो उन्हें 15 हजार व दोनों के विकलांग होने पर 35 हजार मिलेगा। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया की गरीब व अनाथ विकलांग लड़कियों के विवाह के लिये एसोसिएशन ने घर बसाओ-पुण्य कमाओ कन्यादान योजना शुरू की है। जिसके तहत विवाह का सारा खर्च विकलांग एसोसिएशन वहन करेगी। ऐसे व्यक्तियों को कन्यादान योजना में शामिल किया जायेगा जिनके पुत्री नहीं है और वो कन्यादान करने के इच्छुक हों। इसके लिए उन्हें लिखित सहमति देनी होगी।

वीरेन्द्र कुमार ने बताया की शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया में प्रतिदिन प्रात: 9-00 बजे से 11-00 बजे तक सामूहिक विवाह के लिये आवेदन प्राप्त किये जा सकते हैं। विवाह पंजीकरण शिविर में अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, गौरव कुमार, वैभव दीक्षित, गुड्डी दीक्षित, अशोक कुमार, अरविन्द सिंह आदि शामिल थे।

## प्रधानाचार्य की आत्महत्या के मामले की आरोपी पूर्व प्रधानाचार्य को मिली क्लीन चिट

**-पूर्व प्रधानाचार्य लगे 10 महीने खुद की बेगुनाही साबित करने में-राम सहाय कॉलेज की पढ़ाई को लग गया घुन-साजिश के तहत लिखवाई गई एफआईआर का पर्दाफाश**



लोक जन संदेश बिल्हौर सुरजीत पाल

बिल्हौर। राम सहाय इंटर कॉलेज बैरी शिवराजपुर के प्रधानाचार्य सुकान्त सरकार की आत्महत्या के मामले में आरोपित विद्यालय की पूर्व प्रधानाचार्य आरती यादव को क्लीन चिट मिल गई है। जिससे कॉलेज में एक बार फिर तख्ता पलट के आसार दिखने लगे हैं। वहीं प्रधानाचार्य की कुर्सी को लेकर शुरू हुई राजनीति फिर से गरमाने लगी है। दो दिन पहले एक शिक्षक नेता के कॉलेज पहुंचने से इसे और बल मिला है। थमने का नाम नहीं ले रही है। वहीं पूर्व प्रधानाचार्य आरती यादव का आरोप है कि कुछ लोगों ने मृतक प्रधानाचार्य की लाश को ढाल बनाकर प्रधानाचार्य की कुर्सी पर अपने चहेते को बिठाने के लिए ही पूरी साजिश रची थी। जिसमें मृतक की पत्नी जया सरकार को मोहरा बनाया गया था। अब सामने आए जया सरकार के एक हलफनामें ने सारी परतें एक झटके में खोलकर रख दी हैं।गौरतलब है कि राम सहाय इंटर कॉलेज बैरी शिवराजपुर में आयोग से आये प्रधानाचार्य सुकान्त सरकार की जुलाई 2023 में अपने घर मे संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी जया सरकार ने पूर्व कार्यवाहक प्रधानाचार्य आरती यादव द्वारा प्रताड़ित करने से आत्महत्या करने का आरोप लगाया था। वहीं कुछ दिनों बाद आरोपी जया सरकार ने पलटते हुए पुलिस अधिकारियों को संबोधित शपथ पत्र में कहा कि मुझे पता नहीं था, घर में कई लोग आते-जाते थे। इन्हीं लोगों के कहने पर मैने रिपोर्ट लिखा दी । करीब 10 महीने बाद कोई साक्ष्य न मिलने के कारण आरती यादव को पुलिस और न्यायालय से भले ही क्लीन चिट मिल गई है। लेकिन इस दौरान जिस मानसिक यंत्रणा से एक शिक्षिका को गुजरना पड़ा, उसकी भरपाई कौन करेगा ? यह यक्ष प्रश्न अभी भी फ़िजां में है। उधर सिस्टम की नाकामी का लाभ उठाते हुए दिनाँक 26.07.2023 को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से एक आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया गया कि अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय राम सहाय कॉलेज में प्रबंध समिति कालातीत है और वहाँ की वरिष्ठतम प्रवक्ता आरती यादव के विरुद्ध उक्त प्रकरण में प्राथमिकी दर्ज होने के कारण विद्यालय के सुचारु संचालन के लिए संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल से हुई वार्ता के अनुक्रम में द्वितीय वरीयता क्रम के मनोज पटेल को प्रधानाचार्य पद का प्रभार दिया जाता है। सवाल है कि कहीं इस पद पर मनोज पटेल को बिठाने के लिए कुछ लोगों ने इस साजिश को अंजाम तो नहीं दिया जिनका जिक्र जया सरकार ने अपने हलफनामा में किया है और यही चंद तथाकथित लोग घटना से पहले वाली रात को सुकान्त सरकार के फ्लैट पर गए थे। जिसकी पुष्टि पुलिस अधिकारियों के सामने हो गई थी। वहीं दूसरी ओर आरती यादव का कहना है कि पुलिस द्वारा फाइनल रिपोर्ट लगा दिए जाने के बाद जब उन्होंने अपना प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया तो जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से जारी किए गए पत्र में बताया गया कि विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा मनोज पटेल को प्रधानाचार्य का प्रभार देते हुए हस्ताक्षर प्रमाणित कराए गए। दोनों विरोधाभासी तथ्यों से स्पष्ट ही नहीं है कि मनोज पटेल किसके आदेशों से संस्था प्रमुख का कार्य कर रहे हैं। कहीं मनोज पटेल स्वयम्भू प्रधानाचार्य तो नहीं ?

**आखिर किसके आदेश से बैठे प्रधानाचार्य की कुर्सी पर**

बिल्हौर। यह तथ्य भी काबिले गौर है कि विद्यालय प्रबंध समिति कालातीत थी तो 26.07.2023 से पूर्व अर्थात सुकान्त सरकार के निधन के पश्चात से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से जारी हुए पत्र की समयावधि के मध्य तक मनोज पटेल ने किसके आदेशो से प्रधानाचार्य की कुर्सी संभाली ? कहीं स्वयम्भू प्रधानाचार्य की भूमिका तो नहीं रही सुकान्त सरकार को आत्महत्या के लिए उकसाने में !वहीं चर्चा है कि डीआईओएस कार्यालय में तैनात शंकर बाबू ही कार्यालय चला रहा है। उसकी दबंगई के चलते डीआईओएस की एक नहीं चलती है। जिसके चलते कई प्रकरण महीनों से लटके पड़े हैं।

**चंद लोगों ने अपने स्वार्थों के लिए रची साजिश- आरती यादव**

बिल्हौर। पूर्व प्रधानाचार्य आरती यादव का कहना है कि विद्यालय के कुछ शिक्षक हैं जिन्हें न तो समय से विद्यालय आना होता था और न ही कक्षाओं में पढ़ाने जाना होता था। जब मैंने सख्ती की तो इन लोगों को अपनी आदतों में सुधार करना पड़ा। जो इन्हें खुद पर ज्यादती लगता था। सुकान्त सरकार के प्रधानाचार्य बनते ही यह लोग कक्षाओं में जाने से बचने के लिए उनके इर्द-गिर्द घूमने लगे। उन्हें अपने इशारे पर नचाने लगे। जब उनकी मृत्यु हो गई तो उनकी पत्नी पत्नी जया सरकार की मानसिक स्थिति का फायदा उठाते हुए अमानवीयता की सारी हदें पार करते हुए मेरे खिलाफ एफआईआर लिखवा दी ताकि मनमानी कर सकें और डीआईओएस दफ्तर के बाबू शंकरलाल की मिलीभगत से काफी हद तक अपने मंसूबे पूरे भी कर सके।

**लोकजन संदेश**
**हिन्दी दैनिक**
स्वामी प्रकाशक मुद्रक मो. सलीम द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डन नं. 6-ए/7 रेलबजार कानपुर नगर-208004 से छपवाकर प्रधान कार्यालय 105/55 चमनगंज कानपुर 208001 से प्रकाशित। Email:
knplokjansandesh@gmail.com
lokjansandesh1@gmail.com
R.N.I: UPHIN/2015/68360
समाचार पत्र से प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी आपत्तियां दो सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएंगी। समस्त विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे। समाचार पत्र के सभी पद अवैतनिक हैं।
**संपादक**
**मो. सलीम**
8840049299